रोहतक
शुक्रवार 19 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 135
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 41.3°C
न्यून. 23.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 उरुग्वे को हराकर भारत ने सेफा में मारी एंट्री, दीपिका रहीं मैच की हीरो

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

खबर संक्षेप

ईपीएफ पर 8.25 फीसदी ब्याज दर को मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। इसे इस महीने ही सात करोड़ से अधिक अंशधारक सदस्यों के खातों में जमा किए जाने की संभावना है। सूत्र ने बताया कि वित्त मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) द्वारा निर्धारित 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को अपनी स्वीकृति दे दी है। *एजेंसी*

बाबा महाकाल के गर्भगृह में वीआईपी एंट्री पर विवाद

उज्जैन। प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था एक बार फिर विवादों में है। गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध के बाद भी 15 जून को एक डिजिटल क्रिएटर अक्षय आनंद और उनके साथियों को गर्भगृह में प्रवेश दे दिया गया। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें सामने आने के बाद आम भक्तों में नाराजगी है। सोमवती अमावस्या के दिन मंदिर में करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं की भीड़ थी, जो घंटों लाइन में लगकर दूरी से दर्शन कर रहे थे। ऐसे में वीआईपी ट्रीटमेंट पर सवाल उठ रहे हैं। *एजेंसी*

पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त कल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून शनिवार को पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसान लाभार्थियों को सीधे 18,880 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के दौरे के दौरान यह राशि किसानों को जारी की जाएगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पश्चिम बंगाल में ही 45.35 लाख से अधिक किसानों को लगभग 907 करोड़ रुपए मिलेंगे। एजेंसी

सूडान से आई महिला को इबोला जांच के लिए भेजा

कोट्टायम। दक्षिण सूडान से आई एक महिला को बुखार आने के बाद इबोला जांच के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

स्वास्थ्य महिला बुखार के कारण बुधवार को यहां पाला के एक निजी अस्पताल में पहुंची। महिला इबोला वायरस से संक्रमित है या नहीं, उसके रक्त के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। *एजेंसी*

चंबा में एसयूवी खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मसरूंड-हमाल मार्ग पर छत्रुंड के निकट एक एसयूवी के खाई में गिर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा तड़के करीब 2 बजे हुआ, जब तीन महिलाओं समेत सभी व्यक्ति महल गांव लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते एसयूवी खाई में जा गिरी। *एजेंसी*

जंग खत्म, समझौते पर दस्तखत

ईरान और अमेरिका के राष्ट्रपतियों ने किए साइन | यूएस के हाथ खाली, तेहरान ने जो चाहा, वह हासिल किया | होर्मुज खुलेगा, दोनों देश हमले रोकेंगे

इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रंप वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे शांति समझौते को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'डील साइन हो गई है। ट्रंप के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा। *(संबंधित पेज 8 पर)*

इन प्रमुख मुद्दों पर बनी सहमति

- ईरान 30 दिन में होर्मुज में जहाजों की आवाजाही सामान्य करेगा।
- ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।
- अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर का फंड बनाएंगे।
- ईरान की फ्रीज संपत्तियां और धनराशि जारी की जाएगी।
- सभी मोर्चे हटेंगे, दोनों देश एक दूसरे पर हमला नहीं करेंगे।
- अमेरिका नए प्रतिबंद नहीं लगाएगा, 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते पर वार्ता होगी।
- समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी मिलेगी।
- अमेरिका ईरानी तेल, पेट्रो केमिकल उत्पदों और संबंधित सेवाओं पर छूट देगा। दोनों देश समझौते का पालन करेंगे।

इजराइली सेना ने कहा लेबनान से पीछे नहीं हटेंगे

इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में अपनी तैनाती का नया नक्शा जारी किया है और साफ किया है कि फिलहाल वहां से सैनिक नहीं हटाए जाएंगे। उसकी सुरक्षा तैनाती सीमा से लेकर लेबनान के अंदर करीब 10 किलोमीटर तक फैली हुई है। सेना ने कहा कि उसके जवान तय किए गए इलाकों में मौजूद रहेंगे।

घट रहे हैं क्रूड के दाम

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का मानना है कि अगर मध्य पूर्व में शांति बनी रहती है, तो दुनिया में तेल की सप्लाई जरूरत से ज्यादा हो सकती है। इससे देशों को अपने तेल भंडार फिर से भरने का मौका मिलेगा। आने वाले दिनों में क्रूड के दाम घट सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव गुरुवार को 2.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

हिसार में बारिश सिरसा में ओले

हरिभूमि टीम (हरियाणा)। प्रदेश में गुरुवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। हिसार में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। सिरसा में तेज बारिश के साथ जमकर ओले पड़े। तेज हवाएं चलीं। लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ से भीषण गर्मी और लू से भी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं (आंधी) चलने की भी संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

आगे ऐसा रहेगा मौसम

- मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मौसम 23 जून तक परिवर्तनशील रहेगा। आंशिक बादलवाई और हवाओं की दिशा में बदलाव की संभावना है।
- 18 जून की रात से 20 जून के दौरान हरियाणा राज्य में ज्यादातर क्षेत्रों में बीच-बीच में तेज हवाएं चलने हल्की बारिश होगी।
- इसके बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 22 व 23 जून को कहीं कहीं हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभावित है।

सीईटी ग्रुप-डी भर्ती का नोटिफिकेशन जारी, 19 जून से कर सकेंगे आवेदन

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) ग्रुप-डी भर्ती-2026 का विज्ञापन जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 जून 2026 से शुरू होगी, जबकि अभ्यर्थी 3 जुलाई 2026 रात 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 6 जुलाई निर्धारित की गई है। आयोग ने अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का भी अवसर दिया है। उम्मीदवार 7 जुलाई से 9 जुलाई 2026 तक अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। परीक्षा और एडमिट कार्ड जारी करने की तिथि बाद में अलग से घोषित की जाएगी। खास बात यह है कि आरक्षित वर्गों बीसीए, बीसीबी और ईडब्ल्यूएस के लिए प्रमाण पत्र की शर्तें भी तय की गई है।

आरक्षित वर्ग के लिए सर्टिफिकेट की शर्तें भी तय

बैंकिंग घोटाला : सस्पेंड आईएएस अफसर राम कुमार गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंचकूला नगर निगम में सामने आए 79.46 करोड़ रुपये के फंड गबन मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सिंह के पास उस समय पंचकूला निगम कमिश्नर का चार्ज था। सीबीआई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक यह मामला इसी साल फरवरी में सामने आए बैंक फ्रॉड का ही एक हिस्सा है। तब कई सरकारी विभागों के खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस और कोटक महिंद्रा जैसे निजी बैंकों में खोले गए। इसके बाद सरकार पैसा शैल कंपनियों के खातों में ट्रांसफर हुआ। पंचकूला नगर निगम का खाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की सेक्टर-32 ब्रांच में था। खाते के दस्तावेजों में जानबूझकर ऐसी जानकारियां दर्ज की गईं, जिससे बाद में किए जाने वाले फर्जी लेनदेन को छिपाया जा सके।

79 करोड़ रुपये फर्जी कंपनियों तक पहुंचाए

नीट: कोयंबटूर में छात्रा और गुजरात में छात्र ने दी जान

कोयंबटूर। तमिलनाडु के कोयंबटूर में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा अनुकीर्तना ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले छात्रा ने अपने चाचा और करीबी रिश्तेदारों को वॉट्सएप मैसेज भेजे थे। मैसेज में उसने लिखा- अब दोबारा परीक्षा देने से डर लग रहा है। मेरे पापा ने मुझ पर बहुत पैसा खर्च किया है, मैं अब उनका सामना कैसे करूंगी, नहीं जानती। वहीं, अहमदाबाद के न्यू रानीप इलाके में बुधवार रात करीब 2:30 बजे 17 साल के छात्र ने आनंदम फ्लैट्स के ब्लॉक बी की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। पिछले दो दिनों में आत्महत्या का यह चौथा मामला है। 16 जून को देहरादून में 23 साल की रिया व लखनऊ में 17 साल की एक छात्रा ने सुसाइड किया था।

दो दिन में आत्महत्या करने की चार घटनाएं

राज्यसभा चुनाव : झारखंड में क्रॉस वोटिंग भाजपा समर्थित उद्योगपति नाथवानी जीते

कांग्रेस को फिर झटका, प्रणव झा हारे, एक सीट जेएमएम को

नई दिल्ली (एजेंसी)। झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के रिजल्ट गुरुवार को आए। झारखंड में एक सीट पर एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार और उद्योगपति परिमल नाथवानी और एक झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की। वहीं, मिजोरम की एक सीट पर जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) प्रत्याशी के. लल्टलुआंगकिमा जीते। झारखंड में क्रॉस वोटिंग की वजह से परिमल को जीत मिली। यहां 3 वोट अवैध पड़े। कांग्रेस ने आरजेडी और लेफ्ट पर साथ ना देने का आरोप लगाया।

- नाथवानी को 28 तो कांग्रेस के प्रणव झा को 20 वोट ही मिले

तीन वोट अवैध पड़े

झारखंड के सभी 81 विधायकों ने मतदान किया। नाथवानी को 28 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के प्रणव झा को 20 वोट मिले। जेएमएम के बैद्यनाथ राम को चुनाव में 30 वोट मिले, जबकि तीन वोट, भाजपा के दो और कांग्रेस का एक इनवैलिड पाए गए। भाजपा की नेतृत्व वाले एनडीए के पास 24 विधायक हैं, जो 81 मेंबर वाली असेंबली में पार्लियामेंट के अपर हाउस में सीट पक्की करने के लिए जरूरी 28 से चार कम हैं। जेएमएम और कांग्रेस समेत सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक के सदन में 56 सदस्य हैं।

टेलीग्राम अपराधियों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म : केंद्र

रोक लगाने पर सरकार ने हाईकोर्ट में दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेलीग्राम पर रोक मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि टेलीग्राम का इस्तेमाल साइबर क्राइम, एग्जाम पेपर लीक, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, आतंकवाद से जुड़े प्रचार और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा है। दिल्ली हाइकोर्ट में दिए हलफनामे में केंद्र ने बताया कि टेलीग्राम की गोपनीयता और गुमनामी बनाए रखने वाली विशेषताओं ने इसे आपराधियों का पसंदीदा नेटवर्क बना दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने टेलीग्राम की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही कहा है कि अगर किसी पक्ष को कोई बात रखनी है तो वह शाम 7 बजे तक जमा कर सकता है। भारत सरकार ने 21 जून को होने वाले नीट रीएग्जाम से पहले टेलीग्राम चैनल पर अस्थायी बैन लगाया है। यह रोक 22 जून 2026 तक लागू रहेगी। एक अलग निर्देश में टेलीग्राम को 30 जून तक पहले भेजे गए मैसेज को एडिट करने की सुविधा बंद करने का भी निर्देश दिया है।

साइबर क्राइम आतंकवाद से जुड़े प्रचार के लिए हो रहा उपयोग

दहक उठीं इमारतें, कई ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला

यूक्रेन का रूस पर सबसे बड़ा अटैक 1000 ड्रोनों ने मचाया कहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र के एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया, यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया। हमले के बाद मॉस्को के हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानों पर रोक लगाई गई।

सीए फाइनल 2026 का रिजल्ट जारी

नूर सिंगला ने किया टॉप, मिले 499 अंक

हावड़ा के रितीज सर्राफ दूसरे स्थान रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए फाइनल 2026 परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीए फाइनल रिजल्ट 2026 में पंजाब के पटियाला निवासी नूर सिंगला ने इतिहास रच दिया है। नूर ने 83.17% मार्क्स लाकर पूरे देश में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, हावड़ा के रितीज सर्राफ ने 475 अंक (79.17%) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। डोंबिवली (पूर्व) के सोहन अनिल मांजरेकर 473 अंक (78.83%) प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। ग्रुप-1 का पास प्रतिशत काफी कम दर्ज किया गया है। सीए परीक्षा में पास होने के लिए हर पेपर में न्यूनतम 40% और कुल मिलाकर कम से कम 50% नंबरों की जरूरत थी।

उद्धव की शिवसेना में टूट बैठक में 3 सांसद ही पहुंचे

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में 9 में से सिर्फ 3 लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर दिल्ली में होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। बैठक में पहुंचे सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जो सांसद नहीं आए पार्टी उनके खिलाफ नोटिस जारी करेगी। यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में आएगा वो हमारे साथ है, जो नहीं आएगा वो गद्दार। गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र पुलिस को 6 बागी सांसदों वाई+ सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 6 सांसदों ने बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। उधर संजय राउत ने लगातार दूसरे दिन बागी सांसदों को गाली दी।

बाकी 6 को नोटिस जारी करेगी पार्टी

- बागियों को Y+ सिक्योरिटी मिली
- राउत ने बागी सांसदों को फिर दी गाली

आरटीएस के दायरे में आईं 33 सेवाएं, समय सीमा निर्धारित

प्रदेश में अब तुरंत मिलेगी एफआईआर की कॉपी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने नागरिक सेवाओं को समयबद्ध और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने गृह विभाग की 33 सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार (आरटीएस) अधिनियम-2014 के तहत शामिल कर दिया है। अब हथियार लाइसेंस, पुलिस वेरिफिकेशन, एनओसी, चरित्र प्रमाण-पत्र और एफआईआर की प्रति जैसी सेवाओं के लिए तय समय-सीमा लागू होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, यदि तय समय में सेवा नहीं मिलती है तो नागरिक संबंधित शिकायत निवारण प्राधिकारी के समक्ष अपील भी कर सकेंगे।

अफसरों की जवाबदेही होगी तय

यह होगा बदलाव

एफआईआर/डीडीआर की कॉपी तत्काल या ऑनलाइन उपलब्ध होगी। हथियार लाइसेंस नवीनीकरण 15 दिन में होगा। लाउडस्पीकर, धरना-प्रदर्शन और जुलूस की अनुमति 7 दिन में मिलेगी। किरायेदार, घरेलू सहायक और चरित्र सत्यापन 21 दिन में पूरा होगा। मेले, खेल आयोजन और प्रदर्शनी के लिए एनओसी 5 दिन में जारी होगी।

- 15 दिन में होगा हथियार लाइसेंस नवीनीकरण
- लाउडस्पीकर, धरना-प्रदर्शन और जुलूस की अनुमति 7 दिन में मिलेगी
- चरित्र सत्यापन 21 दिन में पूरा होगा

दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे

अधिसूचना में प्रत्येक सेवा के लिए नामित अधिकारी, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी निर्धारित किए गए हैं। यदि किसी आवेदक को तय समय में सेवा नहीं मिलती है, तो वह सीधे अपील कर सकेगा। सरकार का कहना है कि इन सेवाओं को राइट टू सर्विस के दायरे में लाने से लोगों को दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे और सेवा वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी।

पेट्रोल पंप, सिनेमा हॉल की एनओसी 15 दिन में

पेट्रोल पंप, सिनेमा हॉल आदि की स्थापना के लिए एनओसी 15 दिनों के भीतर जारी की जाएगी। वहीं सिनेमा लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया 30 दिनों में तथा उसके नवीनीकरण की प्रक्रिया 25 दिनों में पूरी की जाएगी। पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत पेट्रोल के आयात एवं भंडारण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र, विस्फोटक नियम, 2008 के अंतर्गत आतिशबाजी के भंडारण एवं बिक्री की अनुमति, आतिशबाजी लाइसेंस का नवीनीकरण तथा आतिशबाजी की दुकान एवं गोदाम के लिए एनओसी जैसी सेवाएं 30 दिनों की निर्धारित अवधि में उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरु साहिब की शिक्षाओं को बताया विकसित भारत की प्रेरणा

गुरु अर्जन देव का बलिदान सत्य, साहस और मानवता की रक्षा का अमर संदेश

420वें शहीदी दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचम पातशाह गुरु अर्जन देव का बलिदान भारतीय इतिहास में सत्य, धर्म, मानवता और आध्यात्मिक शक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उनका जीवन और शहादत अन्याय, अत्याचार और असत्य के सामने कभी न झुकने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को पंचकूला में गुरु अर्जन देव के 420वें शहीदी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुरु अर्जन देव के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने छबील सेवा में भी भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा और पंजाब से पहुंचे संत-महापुरुषों ने हरियाणा सरकार की पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास त्याग, तपस्या, बलिदान और आध्यात्मिक पराक्रम की गौरवशाली परंपरा से भरा हुआ है। जब-जब देश, धर्म, संस्कृति और मानवता पर संकट आया, तब-तब संतों और गुरुओं ने अपने बलिदान से सत्य और धर्म की रक्षा की।

आठवीं कक्षा के छात्र पढ़ेंगे गुरुओं का इतिहास

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है और गुरु साहिब की शिक्षाएं इस यात्रा में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सिख इतिहास और गुरुओं की शिक्षाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आठवीं कक्षा के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं और बाबा बंदा सिंह बहादुर के इतिहास को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया है। वर्ष 1984 के दंगा प्रभावित 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा सिरसा स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा चिल्ला साहिब की भूमि गुरुद्वारा प्रबंधन को हस्तांतरित की गई है तथा यमुनानगर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम गुरु तेग बहादुर के नाम पर रखा गया है।

समाज को जोड़ने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया

गुरु अर्जन देव का बलिदान इसी महान परंपरा का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव ने समाज को जोड़ने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब के चारों दिशाओं में चार द्वार बनवाकर उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को साकार रूप दिया। गुरु ग्रंथ साहिब में विभिन्न संतों की वाणी को संकलित कर उन्होंने भारत की विविधता को एकता के सूत्र में बांधने का अनुपम कार्य किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुगल शासक जहांगीर की सत्ता गुरु साहिब के बढ़ते प्रभाव से भयभीत हो गई थी। लाहौर में अमानवीय यातनाएं सहने के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

समय पर बीसी-ए प्रमाणपत्र जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थी को हाईकोर्ट से झटका

- क्लोजिंग डेट के बाद जारी प्रमाणपत्र पर नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ, ग्रुप-बी भर्ती से जुड़ी याचिका खारिज

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आरक्षित वर्ग का वैध प्रमाणपत्र भर्ती विज्ञापन में निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद जारी प्रमाणपत्र के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। अदालत ने कपिल देव व अन्य की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने 13 मई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई थी। मामला हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में सहायक निदेशक (तकनीकी), वरिष्ठ अप्रेंटिसशिप सुपरवाइजर, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल तथा अन्य ग्रुप-बी पदों की भर्ती से संबंधित है। रिकॉर्ड के अनुसार आयोग ने 18 मई 2024 को भर्ती विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता ने बीसी-ए श्रेणी के तहत आवेदन किया था। दस्तावेज सत्यापन के दौरान पाया गया कि प्रस्तुत बीसी-ए प्रमाणपत्र विज्ञापन की अंतिम तिथि 5 जून 2024 के बाद जारी हुआ था। इस आधार पर आयोग ने विज्ञापन की शर्तों के अनुसार उम्मीदवारी रद्द कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से आरक्षित वर्ग का लाभ देने की मांग की गई, जबकि आयोग और राज्य सरकार ने तर्क दिया कि भर्ती नियमों के तहत अंतिम तिथि तक वैध प्रमाणपत्र होना अनिवार्य था और बाद में जारी दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जा सकते।

बेटे की मौत पर मुआवजा अटका, नाम की गलती बनी बाधा, हाईकोर्ट ने दिलाई राहत

- कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मुआवजा आवेदन के लिए फिर खुलेगा पोर्टल

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत मुआवजे से वंचित एक महिला को राहत प्रदान की है। अदालत के हस्तक्षेप के बाद हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास ने आश्वासन दिया है कि मृत्यु प्रमाणपत्र में दर्ज त्रुटि ठीक होने पर मुआवजा आवेदन के लिए पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। जस्टिस जगमोहन बंसल ने भावना की याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। याचिका के अनुसार भावना के 26 वर्षीय बेटे की 9 मई 2024 को मृत्यु हो गई थी। परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम दर्ज थी, जिससे परिवार योजना के तहत आर्थिक सहायता पाने का पात्र था। बेटे की मृत्यु के बाद 23 मई 2024 को मुआवजे के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था। हालांकि, हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास ने 16 दिसंबर 2024 को दावा यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मृत्यु प्रमाणपत्र और परिवार पहचान पत्र में मृतक के पिता के नाम को लेकर विसंगति थी।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचएसवीपी रोहतक	पानीपत में सेक्टर-38-39 और 37-38 एचएसवीपी के डी/आर पर 63 केवीए टी/एफ, एचटी लाइन, 12.5 मी. एच/एम और सभी सम्बद्ध कार्यों सहित एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान समेत टी/एफ हेतु 6 वर्षीय डीएलपी, ऑन/ऑफ प्रचालन व रखरखाव सहित 5 वर्षीय डीएलपी, फॉल्ट ढूंढना, स्थल पर निःशुल्क एलईडी लाइट्स को बदलना और सभी अन्य मदों का 3 वर्षीय निःशुल्क डीएलपी (जीएसटी को छोड़कर)।	बंद होने की तिथि 01.07.2026	73.93 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416191870 xenelectrik@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/46343/I/88/6 दि. 18.06.26

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **दीपक पुत्रः** श्री चांद सिंह **पताः** गांव और डाकघर घरवाल, तिहाई पाना, तहसील – गोहाना, जिला – सोनीपत, हरियाणा ने **FIR No. 544/2024 U/S 25(8)/27 Arms Act, 318(4), 319(2), 336(3), 340(2) BNS & 12 Passport Act थानाः स्पेशल सेल नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 544/2024 U/S 25(8)/27 Arms Act, 318(4), 319(2), 336(3), 340(2) BNS & 12 Passport Act थानाः स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मृदुल गुप्ता
सीजेएम, 26, जी.एफ. एनेक्सी बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/8004/Spl. Cell/2026
(Court Matter)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 134 दिनांक 01.06.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. 84 जे.जे एक्ट थाना सेक्टर-27 जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
नाम-संध्या उर्फ पल्वी।
पति का नाम सुनील कुमार पासवान।
पता - वासी नया टोला दरियापुर जिला मुंगेर बिहार हाल किरायेदार जनता कालोनी सोनीपत।
उम्र - 14 वर्ष।
कद - 5 फुट 4 इंच।
हुलियाः- रंग सांवला, सामान्य शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, चपटी नाक है।
पहनावा- पैन्ट शर्ट, पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 31.05.2026 को संध्या उर्फ पल्वी पुत्री सुनील कुमार पासवान वासी नया टोला दरियापुर जिला मुंगेर बिहार हाल किरायेदार जनता कालोनी सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो० न0 -7419410535
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9813518001
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4938/2027/46362/88/6 दि. 18.06.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1467

मनकि विवेक चौधरी पुत्र रामफल उर्फ रामचन्द्र पुत्र रामकला, निवासी तालाब, अलवर, राजस्थान-301410 एवं बिस्वेदार गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024-25, के अनुसार खेवट न0 614/530, खाता न0 624, मु0 न0 6, किला न0 6/2/1(1-16), 7/1/2(0-19), 7/2(6-0), 8/2/2/2 (0-8), 14/2(3-14), किते 5, तादादी रकबा 12 कनाल 17 मरले का 1/3 भाग, बकदर 4 कनाल 5.66 मरले (0.535375 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 6, किला न0 7/2 मिन पश्चिम (3-17.66), 8/2/2/2(0-8), किते 2, तादादी रकबा 4 कनाल 5.66 मरले (0.535375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1468

मनकि अजय कुमार पुत्र जयसिंह पुत्र सरूप सिंह, निवासी गांव लाडपुर एवं बिस्वेदार गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024-25, के अनुसार खेवट न0 616/532, खाता न0 626, मु0 न0 1, किला न0 6/2 (5-16), 15/2(7-12), 16/1(7-12), 25/2(6-11), मु0 न0 2, किला न0 11/1(5-7), मु0 न0 63, किला न0 22(8-0), 23/1(3-16), किते 7, तादादी रकबा 44 कनाल 14 मरले का 20/447 भाग, बकदर 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 63, किला न0 22 मिन पूर्व (0-4), 23/1 मिन पश्चिम (1-16), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 18.06.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

राज्यपाल ने नौ एंबुलेंस जनता को समर्पित की

चंडीगढ़। हरियाणा में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा गुरुवार को हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ से 9 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर लेडी गवर्नर मित्रा घोष भी मौजूद थीं। गौरतलब है कि राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में मानवीय सेवाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 9 नई एंबुलेंस हरियाणा राज्य रेडक्रॉस को भेंट की।

एग्रीस्टैक : 1.75 करोड़ कृषि भूखंडों की डिजिटल मैपिंग, 96% गांव कवर

- 7,100 गांवों में से 6,808 की जियो-रेफरेंसिंग पूरी

चंडीगढ़। हरियाणा ने एग्रीस्टैक कार्यक्रम के तहत 1.75 करोड़ कृषि भूखंडों की जियो-रेफरेंसिंग करते हुए राज्य के करीब 96 प्रतिशत गांवों का डिजिटल मानचित्रण पूरा कर लिया है। साथ ही 11.58 लाख से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है, जबकि 8.32 लाख किसान आईडी तैयार की जा चुकी हैं। शेष गांवों को भी अगले दो माह में कवर किए जाने की संभावना है। यह जानकारी मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित एग्रीस्टैक कार्यक्रम की संचालन समिति की बैठक में दी गई। मुख्य सचिव ने कहा कि एग्रीस्टैक पहल किसानों के रिकॉर्ड, भूमि स्वामित्व और फसल संबंधी जानकारी को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराकर पारदर्शी और डेटा-आधारित कृषि व्यवस्था की मजबूत नींव तैयार कर रही है। बैठक में बताया गया कि राज्य के कुल 7,100 गांवों में से 6,808 गांवों की जियो-रेफरेंसिंग पूरी हो चुकी है।

नीट पुनः परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए बसों में मुफ्त सफर

चंडीगढ़। 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर राज्य परिवहन निदेशालय ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार अभ्यर्थी 20 जून को परीक्षा केंद्र तक जाने तथा 21 जून को परीक्षा के दिन आने-जाने के लिए रोडवेज की ऑर्डिनरी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए उन्हें अपना वैध नीट एडमिट कार्ड दिखाना होगा। प्रवक्ता ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना और यात्रा संबंधी परेशानियों को कम करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह विशेष व्यवस्था की है, ताकि छात्रों को कोई परेशानी न हो।

पानीपत, करनाल और रेवाड़ी सहित आठ अस्पतालों में लगेंगी मैमोग्राफी मशीनें

- 11 डिजिटल मैमोग्राफी मशीनों की खरीद मंजूर, अब अपने जिले में ही होगी स्तन कैंसर की जांच

चंडीगढ़। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में हरियाणा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' क्लीनिक के तहत राज्य के आठ जिला अस्पतालों में फुल-फील्ड डिजिटल मैमोग्राफी (एफएफडीएम) मशीनें स्थापित की जाएंगी। इससे महिलाओं को अपने ही जिले में स्तन कैंसर की उन्नत जांच सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि मैमोग्राफी मशीनें पंचकूला, रेवाड़ी, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, पानीपत, करनाल और नारनौल के जिला नागरिक अस्पतालों के अलावा गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में स्थापित की जाएंगी। इससे महिलाओं को जांच और उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' क्लीनिक का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने 29 मई को किया था। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्क्रीनिंग, जांच, परामर्श व अन्य सुविधाएं देने का ऐलान किया था।

ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करे सरकार

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि सरकार द्वारा एनपीएस में दिया विकल्प कर्मचारियों की मांग नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य कर्मियों की मांग एनपीएस में विकल्प या संशोधन नहीं है,उनकी मांग पेंशन फंड रेगुलेटरी डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) को रद्द कर जनवरी ,2004 से पुरानी पेंशन लागू करने की है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य कर्मियों को एनपीएस और यूपीएस को स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ओपीएस बहाली की मांग को केन्द्र और राज्यों में देशभर में आंदोलन तेज हो रहें। जिसको कमजोर का सरकार प्रयास कर रही है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा खुलने कि तिथि समय	अनुमानित लागत रुपये	धरोहर राशि रुपये	कार्य पूरा करने की अवधि
1	OT-17/ 2026-27	एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद 1) प्रोविजन ऑफ बॉन्डरी वाल एट सी आर ओ लोकेशनस बिटविन कुराली-मियानपुर स्टेशनस 2) प्रोविजन ऑफ बॉन्डरी वाल एट सी आर ओ लोकेशनस बिटविन घनौली-भरतगढ़ स्टेशनस 3) प्रोविजन ऑफ बॉन्डरी वाल एट सी. आर. ओ. लोकेशनस बिटविन रुपनगर-घनौली स्टेशनस सरहिन्द-दोलटपुर चोक सेक्शनस 4) प्रोविजन ऑफ बॉन्डरी वाल एट लोकेशनस प्रोन टू इंक्रोचमेंट इन दा अप्रोच ऑफ नगल डेम एण्ड कीरतपुर यार्ड 5) प्रोविजन ऑफ बॉन्डरी वाल अलोंग दा ट्रैक फॉर सेफ रनिंग ऑफ ट्रेनस ऑन वल्नरेबल सी आर ओ लोकेशनस नियर अबोहर जंक्शन।	14.07.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 51,66,949.80/-	Rs. 1,03,300/-	180 दिन
1	OT-18/ 2026-27	(i) एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद रेज़िंग ऑफ पैसेंजर प्लेटफॉर्म नं. 1 फ्रॉम मीडियम लेवल टू हाई लेवल अलॉन्ग विथ एक्सटेंशन अप टू 600 मीटर एट चावापायल स्टेशन ऑन यूएमबी-एलडीएच सेक्शन। (ii) एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद रेज़िंग ऑफ पैसेंजर प्लेटफॉर्म नं. 1 फ्रॉम मीडियम लेवल टू हाई लेवल अलॉन्ग विद एक्सटेंशन अप टू 600 मीटर एट दोराहा स्टेशन ON यूएमबी-एलडीएच सेक्शन। (iii) एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद रेज़िंग ऑफ पैसेंजर प्लेटफॉर्म नं. 1 फ्रॉम रेल लेवल टू हाई लेवल अलॉन्ग विथ एक्सटेंशन अप टू 600 मीटर एट साधूगढ़ स्टेशन ON यूएमबी-एलडीएच सेक्शन। (iv) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद शिफ्टिंग ऑफ ओएचई पोर्टल्स फ्रॉम गुड्स प्लेटफॉर्म्स टू अवॉइड ऑब्स्ट्रक्शन इन व्हीकल मूवमेंट ड्यूरिंग लोडिंग/अनलोडिंग एट के. ऐ. आर. टी. स्टेशन।	14.07.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 36,36,367.50/-	Rs. 72,700/-	180 दिन

नोटः- वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। **1.** टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **2.** निविदाकारो को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

सं.: एस. डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-05/2026-27 दिनांक: 17.06.2026 **2088/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक में माता दरवाजा तालाब के पुनरोद्धार हेतु आकलन।	16.06.2026 26.06.2026	99.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com
2	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 14, एम.सी. रोहतक में 3 सीसी गलियों का निर्माण - 1. राधा स्वामी मेडिकल शॉप से जेल रोड तक, 2. शिशु मंदिर गली गौतम डेंटल क्लीनिक से ज्योति प्रकाश स्कूल तक, 3. दुर्गा कॉलोनी में हेयर ड्रेसर शॉप से मयंक जे.ई. के मकान तक।	16.06.2026 23.06.2026	61.41 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com
3	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 21, एम.सी. रोहतक में झज्जर रोड से एचपी पैट्रोल पम्प के निकट कन्हेली राजस्व रास्ता तक आईपीबी गली का निर्माण, ULB_RTK_04199.	16.06.2026 26.06.2026	83.04 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/80/46333/I/88/6 दि. 18.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प जीन्द	जीन्द जिले में जीन्द में सेशन हाउस की विशेष मरम्मत + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 23.06.2026	17.86 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398098075 pwdeepdjind@gmail.com
2	लोनिवि भ व प रोहतक	जिला उद्योग केन्द्र, रोहतक का निर्माण (विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल) + 6 कार्य।	16.06.2026 23.06.2026	109.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प हिसार	सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 57 केवीए डीजी सैट का प्रावधान + 1 कार्य।	16.06.2026 22.06.2026	23.51 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in
4	लोनिवि भ व प करनाल	सैनिक कॉलोनी कुंजपुरा, जिला करनाल में स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-ए की विशेष मरम्मत (वैद्युत सेवाएं) + 10 कार्य।	17.06.2026 24.06.2026	96.38 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
5	लोनिवि भ व प चण्डीगढ़	कुरूक्षेत्र जिले में (पेहोवा निर्वाचन क्षेत्र) कि.मी. 85.00 से 90.00 तक सहानपुर-यमुनानगर-लाडवा-कुरुक्षेत्र-पिहोवा रोड (एसएच-06) (रोड आईडी 8023) के प्लांटेशन कार्य का विकास और 2 अन्य।	22.06.2026 30.06.2026	16.06 लाख	https://etenders.hry.nic.in	779691170 eehortpwd@gmail.com
6	पंचायती राज पानीपत	गांव बराना, ब्लॉक पानीपत, जिला पानीपत में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 5 कार्य।	17.06.2026 25.06.2026	339.49 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9068676922 prexeeng.pnp@gmail.com
7	पंचायती राज करनाल	गांव बरसात ब्लॉक घरौंडा में गली और ड्रेन का निर्माण I) एयरटेल टावर से पशु चिकित्सालय तक II) महिन्दर बलछा से आशादीप स्कूल तक III) पीर से दलेर हाउस तक + 4 कार्य।	15.06.2026 23.06.2026	106.03 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in
8	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल	एमआईटीसी कॉलोनी आहिल्या बाई मार्ग करनाल में क्वार्टर नं. 3 की मरम्मत + 6 कार्य।	15.06.2026 22.06.2026	65.11 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0184-2255291 knldivn335@gmail.com
9	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल	कैनाल कॉलोनी, नारनौल में आवास कोठी नं. आर-5 की मरम्मत / पुनरोद्धार + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 23.06.2026	2.21 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/180/46352/I/88/6 दि. 18.06.26

खबर संक्षेप

10 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा पटवारी

भिवानी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी पर फसल मुआवजे की राशि दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। इंस्पेक्टर जगजीत ने बताया कि भिवानी के गांव गुजरानी निवासी मनजीत पुत्र हरिराम ने शिकायत दी थी कि पटवारी हर्ष फसल मुआवजे की राशि दिलाने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है। आरोपी पटवारी ने पहले 15 हजार की मांग की थी, लेकिन बाद में 10 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने मामले की जांच की और योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि लेकर भेजा गया। जैसे ही पटवारी ने 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

पानी के लिए महाभारत

चानौत के ग्रामीणों ने भाखड़ा पाइपलाइन से पानी की मांग को लेकर निकाला ट्रैक्टर मार्च

हांसी। गांव चानौत को भाखड़ा पेयजल पाइपलाइन से पानी देने की मांग को लेकर 33 दिनों से जारी आंदोलन के तहत गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हांसी तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। इस दौरान लघुसचिवालय तक आंदोलनकारियों को जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी की गई, लेकिन ग्रामीणों ने उसे तोड़ दिया। ग्रामीणों ने उपायुक्त राहुल नरवाल के समक्ष अपनी तीन मांगें रखीं, जिनमें गांव के 35 से अधिक लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, शहर के लिए बिछाई जा रही पाइपलाइन पर टी-कनेक्शन देकर पानी उपलब्ध कराने तथा देर रात धरनास्थल पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा। इस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया तो ग्रामीण धरने पर लौट गए। वहीं, बुधवार देर रात धरने पर पुलिस के आने से ग्रामीण भड़क गए। इस पर उपायुक्त ने कहा कि टीम धरनारत बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए गई थी।

चंडीगढ़ : कैशियर मर्डर केस में 2 आरोपियों का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

सेक्टर-11 में श्री कुमार मेडिकल स्टोर के कैशियर जानकी दास की हत्या के आरोपियों का पुलिस ने एनकाउंटर किया। बुधवार को जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तारी के बाद जब इन्हें चंडीगढ़ लाया जा रहा था तब इन्होंने भागने की कोशिश की। सेक्टर 25 के जंगल के पास पुलिस ने भाग रहे दोनों आरोपियों के पैर में गोली मारकर उन्हें दोबारा पकड़ लिया। एनकाउंटर के दौरान हमलावर सन्नी मेहरा की टांगों पर 2 गोलियां और दूसरे आरोपी आर्यन को एक गोली लगी है। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि एक हादसे में पुलिस की गाड़ी पेड़ से जा टकराई। इसके बाद इन्होंने पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर दो फायर भी किए।

मोहाली में मर्डर कर पानीपत तक ले आया शव, यहां दोस्त को मारा

चाचा व दोस्त की हत्या के आरोपी को सोनीपत पुलिस ने टोल पर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/पानीपत

सोनीपत पुलिस ने पंजाब और पानीपत में दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर भाग रहे आरोपित को भिगान टोल प्लाजा पर मुस्तैदी दिखाते हुए देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान पानीपत के शांति नगर, मॉडल टाउन निवासी साहिल मलिक के रूप में हुई है। हाल फिलहाल वह यूपी के बागपत में रह रहा था। उसे गिरफ्तारी के बाद पानीपत सीआईए पुलिस के हवाले कर दिया गया।

सोनीपत पुलिस कमिश्नर ममता सिंह और एसटीएफ डीएसपी इंदीवर को रात करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली थी कि पंजाब के मोहाली जिले के डेराबस्सी क्षेत्र में गांव घोलू माजरा स्थित सिक्योरिटी एन्क्लेव के एक ऑफिस में साहिल मलिक ने अपने चाचा प्रॉपर्टी डीलर राहुल मलिक को गोली मार दी है। वह अपने पिता की डोगा बंदूक लेकर गया था। हत्या के बाद वह शव को उनकी ही कार में डालकर भाग गया है। वहीं, आरोपी साहिल ने पानीपत में अपने ही दोस्त अंकुश की भी गोली मारकर हत्या

प्रॉपर्टी विवाद में चाचा को उनके ही ऑफिस में गोली मारी, दोस्त ने मदद नहीं की तो पानीपत में उसे मार डाला

कर दी व दोनों शवों को बुड़शाम के पास नहर किनारे फेंककर फरार हो गया। डेराबस्सी पुलिस को कार के जीपीएस लोकेशन से पता चला कि आरोपित पानीपत से होते हुए सोनीपत क्षेत्र की तरफ बढ़ रहा है। सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी अजय धनखड़, मुरथल थाना प्रभारी राजीव और एसटीएफ सोनीपत से एसआई संगीत की टीमों ने तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर दी। भिगान टोल प्लाजा पर आरोपित को दबोचने के लिए पुलिस टीमों ने खास रणनीति बनाई। इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने टोल संचालन को कुछ समय के लिए धीमा करवा दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसी भीड़ और जाम में आरोपित की टाटा सफारी गाड़ी भी फंस गई। मौका देखते ही अलर्ट खड़ी सोनीपत पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और रात करीब 11 बजे उसे सफलतापूर्वक काबू कर लिया।

नहर किनारे शव फेंके

प्रॉपर्टी विवाद में चाचा को मारी थी गोली सोनीपत पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने कबूला कि उसने पंजाब में प्रॉपर्टी विवाद के चलते अपने चाचा को गोली मारी थी, जिन्होंने गाड़ी में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद वह पानीपत पहुंचा और अपने दोस्त अंकुश को सेक्टर-13-17 चौक पर बुलाया। जब दोस्त ने मदद करने से मना किया तो आरोपित ने उसे भी गोली मार दी। वहीं, यह बात भी सामने आ रही है कि अंकुश ने साहिल पर दर्ज केस में उसकी पैरवी नहीं की थी, इसके चलते भी वह अंकुश से रंजिश रखे हुए था। इसके बाद उसने दोनों शवों को बुड़शाम के पास नहर किनारे फेंक दिया, जिन्हें बाद में बरामद कर लिया गया। सोनीपत पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपित को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए सीआईए पानीपत को सौंप दिया है।

पूर्व विधायक छौक्कर की जमानत पर सुनवाई

कोर्ट ने कहा-हजारों फ्लैट खरीदारों का पैसा वापस देने की योजना बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

समालखा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाया। बुधवार को कोर्ट ने छौक्कर को निर्देश दिया कि वे महिरा होम्स-68, महिरा होम्स-103 और महिरा होम्स-104 परियोजनाओं में कथित रूप से ठगे गए घर खरीदारों को मुआवजा देने की ठोस योजना पेश करें। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने सुनवाई के दौरान छौक्कर के वकील से कहा कि हलफनामा दाखिल कर बताया जाए कि हजारों होमबायर्स के दावों का निपटारा कैसे किया जाएगा। 19 जून को दोबारा सुनवाई होगी।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक ने मांग की कि हलफनामे में छौक्कर, उनके दोनों बेटों और अन्य परिवारजनों की सभी संपत्तियों का विवरण दिया जाए। साथ ही बताया जाए कि इन संपत्तियों पर कोई कर्ज या अन्य भार है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि होमबायर्स को भुगतान की व्यवस्था, धन का स्त्रोत, परिवार की संपत्तियां और उनसे जुड़े सभी दस्तावेज पेश किए जाएं।

ईडी के अनुसार माहिरा ग्रुप की किफायती हाउसिंग परियोजनाओं में हजारों लोगों से फ्लैट के नाम पर बड़ी रकम जुटाई गई, लेकिन इसका इस्तेमाल निर्माण कार्य की बजाय अन्य उद्देश्यों में किया गया। इसी रकम से करोड़ों रुपये की संपत्तियां खरीदी गईं और 616 करोड़ को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए वैध बनाने की कोशिश हुई।

पंचकूला नाइट क्लब संचालकों से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

चंडीगढ़। बदमाशों ने वॉयस नोट भेजकर पंचकूला में नाइट क्लब संचालकों से 5 करोड़ की रंगदारी की मांग की है। धमकी में कहा गया है कि यदि रकम नहीं दी गई तो अगली गोली उनके नाम की होगी। पुलिस ने संबंधित क्लबों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बदमाशों ने वॉयस नोट भेजकर क्लब संचालकों से 5 करोड़ की रंगदारी की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि धमकी देने वालों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और क्लब संचालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। मामले की संवेदनशीलता और अंतरराष्ट्रीय या अंतरराज्यीय गैंग्स के जुड़े होने के अंदेशे को देखते हुए इसे बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न जांच एजेंसियों की भी मदद ली जा रही है ताकि गैंगस्टरों के इस पूरे नेटवर्क को नेस्तनाबूद किया जा सके। बता दें कि इससे पहले 4 जून को पंचकूला के सेक्टर-5 के नाइट क्लब संचालक और भाजपा नेता के भाई रतन लुबाना पर फायरिंग हुई थी। इसकी जिम्मेवारी रोहित गोदारा गैंग ने ली थी। गैंग की तरफ से लुबाना को कॉल कर पूछा गया था कि कितनी गोली लगी।

साइबर ठगी गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी पकड़े

गुरुग्राम। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से संचालित हो रहे एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का खुलासा करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह दिल्ली के पॉश इलाके दिलशाद गार्डन में किराए का फ्लैट लेकर पूरे देश में ठगी का जाल चला रहा था। आरोपियों की पहचान जनक निवासी त्रिवेणी अपार्टमेंट, विवेक विहार, दिल्ली, दिनेश कुमार निवासी हनुमान चौक, बावल जिला रेवाड़ी और पवन कुमार निवासी गांव भूथन खुर्द जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि फतेहाबाद का रहने वाला पवन पूर्व में दुबई में रह चुका है। आरोपियों ने गुरुग्राम के एक व्यक्ति से 2.53 करोड़ रुपये ठगे थे। पुलिस को इनसे 25 पासपोर्ट, 53 एटीएम कार्ड और 5 चेकबुक, 36 मोबाइल फोन आदि सामान बरामद हुआ है। आरोपी विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त ठगी की राशि को अन्य खातों में ट्रांसफर करने का कार्य करते थे। इसके बदले आरोपियों को 25 हजार रुपये सैलरी तथा ठगी गई राशि में से बोनस मिलता था।

सिरसा में 500 बैग यूरिया से भरा ट्रक पकड़ा, किसानों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिले में वीरवार को 500 बैग यूरिया से भरे एक ट्रक को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। किसानों की सूचना पर कृषि विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा ट्रक में लदी यूरिया के कट्टों की जांच कर नमूने परीक्षण के लिए भेज दिए। किसानों ने आरोप लगाया है कि किसानों के लिए निर्धारित यूरिया को तकनीकी ग्रेड के नाम पर राजस्थान भेजने की तैयारी की जा रही थी।

भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के किसान नेता लखविंद्र सिंह के अनुसार वह अपने साथियों के साथ भावदीन टोल प्लाजा से लौट रहे थे। इसी दौरान टोल पर खड़े एक ट्रक के आसपास लोगों की भीड़ देखकर उन्हें संदेह हुआ। पूछताछ में चालक ने बताया कि ट्रक में यूरिया भरी हुई है। किसानों का आरोप है कि

यूरिया की जांच करते अधिकारी।

ट्रक में भरी खाद को कृषि उपयोग के बजाय 'टेक्निकल ग्रेड' के नाम पर दूसरी जगह भेजा जा रहा था। उनका दावा है कि पंचकूला के बरवाला स्थित एक फर्टिलाइजर कंपनी द्वारा कृषि उपयोग वाली यूरिया को तकनीकी ग्रेड के कट्टों में भरकर राजस्थान भेजने की तैयारी की गई थी। किसानों ने फर्जी बिलों और दस्तावेजों के इस्तेमाल की भी आशंका जताई है। किसानों का दावा है कि चालक ने पूछताछ के दौरान बताया कि संबंधित गोदाम में और भी खाद का स्टॉक मौजूद है।

स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक स्विस नेशनल बैंक ने जारी किए आंकड़े

स्विस बैंकों में जमा भारतीय धन 2025 में आठ प्रतिशत गिरकर 36,793 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ ज्यूरिख

स्विस बैंकों में जमा भारतीय धन वर्ष 2025 में आठ प्रतिशत से अधिक घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (करीब 36,793 करोड़ रुपये) रह गया। यह गिरावट स्थानीय शाखाओं और अन्य बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखी गई राशि में कमी के कारण हुई। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इन आंकड़ों के मुताबिक, कुल जमा राशि में गिरावट आने के बावजूद व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के खातों में जमा धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (करीब 6,000 करोड़ रुपये) हो गया।

जमाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 16 प्रतिशत रही

हालांकि, कुल राशि में इन जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 16 प्रतिशत ही रही। कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा 'बैंकों को देय राशि' के रूप में रहा, जो अन्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के जरिये रखी गई थी। यह राशि पिछले साल करीब 15 प्रतिशत घटकर 2.6 अरब स्विस फ्रैंक रही।

सन 2018 से भारत के साथ सूचना का आदान-प्रदान

अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) के 'लोकेशनल बैंकिंग स्टैटिस्टिक्स' के मुताबिक, स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों के जमा धन में 2025 के दौरान 20 प्रतिशत बढ़कर 8.97 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 780 करोड़ रुपये) हो गया। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच 2018 से कर मामलों में स्वतः सूचना आदान-प्रदान व्यवस्था लागू है, जिसके तहत स्विस वित्तीय संस्थानों में खाताधारकों से जुड़ी विस्तृत जानकारी हर साल भारतीय कर अधिकारियों के साथ साझा की जाती है।

52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक ग्राहक जमा

एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 के अंत में मौजूद कुल 325.05 करोड़ स्विस फ्रैंक की देनदारियों में से 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक ग्राहक जमा, 2.6 अरब स्विस फ्रैंक अन्य बैंकों के जरिये, 1.86 करोड़ स्विस फ्रैंक विश्वस्त संस्था या ट्रस्ट के जरिये और 10.57 करोड़ स्विस फ्रैंक बॉन्ड एवं प्रतिभूतियों जैसे अन्य वित्तीय साधनों के रूप में थे।

- कुल जमा राशि में गिरावट के बावजूद व्यक्तिगत खातों में धन बढ़ा
- व्यक्तिगत और संस्थागत खातों में धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा
- कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा 'बैंकों को देय राशि' के रूप में रहा

तीसरे देशों के नाम पर रखे गए धन को शामिल नहीं किया जाता

एसएनबी ने स्पष्ट किया कि ये आंकड़े बैंकों द्वारा रिपोर्ट की गई कुल देनदारियों को दर्शाते हैं और इन्हें स्विस बैंकों में कथित काले धन का प्रत्यक्ष संकेतक नहीं माना जा सकता। साथ ही, इनमें तीसरे देशों की इकाइयों के नाम पर रखे गए धन को शामिल नहीं किया जाता।

धन जमा के मामले में ब्रिटेन पहले स्थान पर

वैश्विक स्तर पर स्विस बैंकों में विदेशी ग्राहकों की कुल जमा राशि 2025 में करीब आठ प्रतिशत घटकर 1.05 लाख करोड़ स्विस फ्रैंक रही। देशवार आंकड़ों में स्विस बैंकों में मौजूद विदेशी ग्राहकों के धन के मामले में ब्रिटेन 192 अरब स्विस फ्रैंक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि अमेरिका (75 अरब स्विस फ्रैंक) और फ्रांस (63 अरब स्विस फ्रैंक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि, भारत वर्ष 2024 के 48वें स्थान से सुधरकर 2025 में 46वें स्थान पर पहुंच गया।

पाकिस्तान रैंकिंग में 108वें स्थान पर

पाकिस्तान की जमा राशि 27.2 करोड़ स्विस फ्रैंक से घटकर 25.7 करोड़ स्विस फ्रैंक रह गई, जबकि बांग्लादेश की जमा राशि 43 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी के साथ 84.2 करोड़ स्विस फ्रैंक पहुंच गई। रैंकिंग में बांग्लादेश 81वें स्थान पर रहा जबकि पाकिस्तान 108वें स्थान पर है।

अद्वित ज्वेल्स का इनिशियल पब्लिक ऑफर, प्राइस बैंड 130 से 138 रुपये प्रति इक्विटी शेयर

कोच्चि/मुंबई। अद्वित ज्वेल्स लिमिटेड ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 130 से 138 रुपये तय कर दिया है। कंपनी का यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग ('आईपीओ' या 'इश्यू') सब्सक्रिप्शन के लिए मंगलवार, 23 जून 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 25 जून 2026 को बंद हो जाएगा। इन्वेस्टर कम से कम 100 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल्स में ही दांव लगा पाएंगे। आज की तारीख में कंपनी के कुल 3,38,42,000 इक्विटी शेयर आउटस्टैंडिंग हैं, जिनकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। इस आईपीओ के तहत 1,19,68,000 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू (नए शेयर) जारी किए जा रहा हैं।

भारत में 37 प्रतिशत कार्य पहले ही एआई कर रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में 'प्रवेश स्तर' की नौकरियों के लगभग 37 प्रतिशत कार्य पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) कर रहा है जबकि वैश्विक स्तर पर यह औसत 33 प्रतिशत से अधिक है। एक संयुक्त अध्ययन में यह बात सामने आई।'एंट्री-लेवल' भूमिकाएं से तात्पर्य उन कार्यों से है जिनके लिए बहुत ज्यादा अनुभव की जरूरत नहीं होती। कॉग्निजेंट एवं पियर्सन की रिपोर्ट अनुसार, 'प्रवेश स्तर' की भूमिकाएं अब तेजी से बदल रही हैं और कंपनियां कार्य निष्पादन से आगे बढ़कर एआई प्रणाली के साथ काम करने की दिशा में जा रही हैं। यह सर्वेक्षण अमेरिका, ब्रिटेन और भारत के 750 एचआर दिग्गजों पर आधारित है। इसे 23 मार्च से तीन अप्रैल, 2026 के बीच वेकफील्ड रिसर्च द्वारा किया गया।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

नीलामी काटलोग सं.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
UMB-Prkg-16-26	सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार)	01.07.26 12:00:00
	गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले कॉम्प्रिहेन्सिव पार्किंग लॉट का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार)	
	टापा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार)।	
	शिमला रेलवे स्टेशन पर स्थित बाबा भालकू रेल म्यूजियम के अंदर 2071.57 वर्ग मीटर क्षेत्र में व्यापक पार्किंग स्थल (साइट प्लान के अनुसार)	
	सहारनपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री पॉइंट पर (लकड़ी का पुल के पास), ड्राइवर/गार्ड रनिंग रूम के सामने, कुल 1277 वर्ग मीटर एरिया वाला व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार)	
	ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 1507.42 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग लॉट। (साइट प्लान के अनुसार)	
	आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र में सभी वाहनों (गैर–व्यावसायिक और व्यावसायिक) के लिए व्यापक पार्किंग और एक्सेस कंट्रोल अधिकार (पिकअप/ड्रॉप लेन, एंट्री से एग्जिट तक) आवंटित करना।	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2086/26

शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 254 अंक चढ़ा

- भू–राजनीतित मोर्चे पर सकारात्मक रुख रहा

एजेंसी ⏭ मुंबई



भू-राजनीतिक मोर्चे पर सकारात्मक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों में जारी नरमी से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 254 अंक और निफ्टी में 82 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 254.36 अंक की बढ़त के साथ 77,409.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 77,492.33 अंक के उच्चतम और 76,953 के निचले स्तर तक गया। इसी तरह निफ्टी भी 82.30 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 24,168 अंक पर बंद हुआ।

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही।

ब्रेंट क्रूड गिरकर 77.78 प्रति बैरल पर : पश्चिम एशिया में तनाव थमने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 2.23 प्रतिशत गिरकर 77.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस में ईरान के साथ शांति स्थापना के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे तीन महीने से अधिक समय से जारी युद्ध समाप्त होने की उम्मीद बनी है।

मांग घटने से सोना 960 रुपया घटा, चांदी 6,660 रुपये टूटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 960 रुपये टूटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, शेयर बाजार में तेजी के बीच सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में कीमती धातुओं की मांग घटने से चांदी की कीमत 6,660 रुपये लुढ़क गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 960 रुपये टूटकर 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। चांदी में भी भारी बिकवाली का दबाव देखा गया और इसकी कीमत 6,660 रुपये लुढ़ककर 2,48,740 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,55,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि यह गिरावट घरेलू शेयर बाजार के मजबूत रहने और डॉलर के मुकाबले रुपये के मजबूत होने की वजह से आई।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मनीष उर्फ़ अजय उर्फ़ भोला पुत्रः** सुरेंद्र, पताः गाँव मार्तु ज़िला झज्जर, हरियाणा ने **FIR No. 477/2021 U/s. 324/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ़ अजय उर्फ़ भोला** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ़ अजय उर्फ़ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 477/2021 U/s. 324/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ़ अजय उर्फ़ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 31
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7997/WD/2026
(Court Matter)

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कामकाज के नौवें साल में पार किया 50,000 करोड़ के बिज़नेस का माइलस्टोन

कोच्चि। ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कुल 50,000 करोड़ रुपये के बिज़नेस का अहम माइलस्टोन पार कर लिया है। यह बैंक के कामकाज के नौवें साल में एक बड़ी उपलब्धि है और देश भर के एक करोड़ से ज़्यादा ग्राहकों द्वारा बैंक पर दिखाए गए भरोसे को दर्शाता है। यह माइलस्टोन बैंक की लगातार हो रही तरक्की और फाइनेंशियल इन्क्लूजन (वित्तीय समावेशन), जिम्मेदार बैंकिंग और कम्युनिटी डेवलपमेंट (सामुदायिक विकास) के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। सामाजिक प्रभाव (सोशल इम्पैक्ट) पर आधारित अपनी शुरुआत से लेकर, ईएसएएफ एक पैन-इंडिया बैंकिंग संस्थान के रूप में विकसित हुआ है, साथ ही यह उन समुदायों के लिए अवसर पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है जिनकी बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच कम है या जो बैंकिंग सेवाओं से वंचित हैं। इस उपलब्धि पर बोलते हुए हुए, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ के. पॉल थॉमस ने कहा कि 50,000 करोड़ के बिज़नेस का माइलस्टोन पार करना ईएसएएफ की यात्रा में गर्व का क्षण है। कामकाज के नौवें साल में इस माइलस्टोन को हासिल करना हमारे ग्राहकों के भरोसे, हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और हमारे सभी स्टेकहोल्डर्स के समर्थन को दर्शाता है। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, हम फाइनेंशियल इन्क्लूजन और देश भर के व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों के लिए अवसर पैदा करने के अपने मूल विज़न के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

सूचना

मैं, किराना देवी पत्नी श्री मोहन लाल निवासी गांव अलीपुर टाउन, डाकघर जलोली, जिला पंचकूला, हरियाणा बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर किराना देवी से किरणा देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे किरणा देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि सिरसा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	6 माह की अवधि के लिए कच्चा माल (अर्थात बेसन मोटा (राजधानी), चीनी बूरा, जीरा (विक्ट्री) खाने योग्य गोंद इत्यादि) की आपूर्ति + 2 अन्य कार्य।	19.06.2026 13.07.2026	103 लाख	https://etenders.hry.nic.in www.vitaindia.org.in	9812302168 vitasrs@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46336/I/88/6 दि. 18.06.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचएसएएमबी रोहतक	महम (एम.सी. महम) में एनजीएम/एनवीएम में गेट नं. 1 और 2 पर 2 अदद 100 एमटी क्षमता पिट लैस टाइप वे ब्रिज और कलानौर जिला रोहतक (एम.सी. रोहतक) में एनजीएम/एनवीएम में गेट नं. 1 पर 2 अदद 100 एमटी क्षमता पिट लैस टाइप वे ब्रिज सहित पोटा केबिन का प्रावधान, स्थापना और प्रचालन।	बंद होने की तिथि 26.06.2026	अनुमोदित डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9643198066 eerohtak.hsamb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46337/I/88/6 दि. 18.06.26

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या–ETrU-T-07-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.बि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा बंद/ खुलने की तिथि	लगभग लागत	धरोहर राशि	कार्य पूरा करने की अवधि	वैधता अवधि	टेण्डर फॉर्म की कीमत
1	ETrU-T-07-2026-27	अंबाला डिवीज़न के अंतर्गत हिंडन केबिन से सनेहवाल सेक्शन में, 800 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर के स्थान पर 1600 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर लगाने का प्रावधान हेतु कार्य।	09.07.2026	₹ 1,33,68,240.40/-	₹ 2,67,400/-	08 महीने	60 दिन	Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 5,000/– Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".** 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये। संख्याः. ETrU-T-07-2026-27 दिनांकः 17.06.2026 2073/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ 2026

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है उत्तर रेलवे द्वारा नीट परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए दिनांक 21.06.2026 (रविवार) को अनारक्षित परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएंगी:

04556/04555 बठिण्डा – चण्डीगढ़ – बठिण्डा अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं.: 04556		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04555	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	05:30	बठिण्डा	00:30	----
05:45	05:47	भुच्चु	00:05	00:07
06:01	06:03	रामपुरा फूल	23:45	23:47
06:14	06:16	तपा	23:28	23:30
06:31	06:33	बरनाला	23:08	23:10
07:05	07:10	धूरी जं.	22:40	22:45
07:33	07:35	नाभा	22:07	22:09
07:57	07:59	पटियाला	21:45	21:47
08:30	09:00	राजपुरा जं.	20:45	21:15
09:35	09:40	सरहिंद जं.	20:25	20:27
09:46	09:47	फतेहगढ़ साहिब	20:16	20:18
09:58	10:00	न्यू मोरिंडा	19:55	19:57
10:15	10:20	खरड़	19:36	19:38
10:35	10:39	साहिबज़ादा अजीतसिंह नगर (मोहाली)	19:22	19:24
11:00	----	चण्डीगढ़	----	19:10

चलने के दिन : 04556 बठिण्डा से और 04555 चण्डीगढ़ से रविवार दिनांक 21.06.2026 को।
स्थानः सामान्य श्रेणी।

04553/04554 सहारनपुर जं. – चण्डीगढ़ – सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं.: 04553		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04554	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	06:00	सहारनपुर जं.	22:00	----
06:18	06:20	सरसावा	21:36	21:38
06:34	06:36	यमुनानगर जगाधरी	21:22	21:24
06:42	06:44	जगाधरी वर्कशॉप	21:15	21:17
06:55	06:57	मुस्तफाबाद	21:00	21:02
07:05	07:07	बराड़ा	20:50	20:52
07:30	07:35	अम्बाला छावनी	20:20	20:25
07:42	07:44	धूलकोट	20:05	20:07
07:57	07:59	दप्पर	19:48	19:50
08:20	----	चण्डीगढ़	----	19:30

चलने के दिन : 04553 सहारनपुर जं. से और 04554 चण्डीगढ़ से रविवार दिनांक 21.06.2026 को।
स्थानः सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क — आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

धनु — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6261



बाएँसेदाएं
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

ऊपर से नीचे
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

शब्द पहेली -6260 का हल

म	न	मो	ह	न		र	वा	ना	हो	ना
न		म	क	र		त	ल	ना		का
मो	ह			गि		ज			क	म
ह	म		आ	स	ल	गा	ना		मा	या
क	ल	र	व		क्ष		म	त	ल	ब
			भ	ला		जो	र			
ज	ग	म	ग		मौ		ख	चा	ख	च
मी	ल		त	म	त	मा	ना		र	म
न	त			हा		ल			ल	क
दा		म	चा	न		खा	रि	श		दा
र	म	णी	य	ता		ना	ट	क	का	र



दिल्ली में डॉक्टर ने की नौकरानी की बेरहमी से हत्या

पहले बैट से खूब पीटा फिर चाकू से किए वार, छत पर मिली लाश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के काफी पॉश इलाके कैलाश हिल्स में बुधवार को एक डाक्टर ने घर पर काम करने वाली मेड की हत्या कर दी। मृतका की पहचान 45 साल की मीना के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी डॉक्टर मनीष गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। गुरुवार सुबह करीब 11:36 बजे अमर कॉलोनी थाने में पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली कि माउंट कैलाश इलाके में एक मकान की छत पर एक महिला खून से लथपथ हालत में पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उसे छत पर महिला का शव पड़ा मिला मौके पर आरोपी व्यक्ति भी मौजूद था। उसकी पहचान 50 साल से अधिक उम्र के डॉक्टर के रूप में हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में महिला पर पहले बैट से हमला करने और बाद में चाकू का इस्तेमाल करने की बात कबूली है।

डिप्रेशन का शिकार डॉक्टर

अधिकारियों के मुताबिक, डॉक्टर लंबे समय से डिप्रेशन (अवसाद) का शिकार है और पकड़े जाने के बाद से लगातार बहकी-बहकी बातें कर रहा था। वह बार-बार अपने बयान बदल रहा था। पुलिस कत्ल की वजह को लेकर अभी भी पूछताछ कर रही है।

फर्जी प्रोफाइल बनाकर लगाया चूना

पूर्व पीएम गुजराल के बेटे से 7.80 करोड़ की ठगी

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री आईके गुजराल के बेटे और पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश गुजराल के साथ ठगी हुई। ठगों ने वॉट्सएप पर गुजराल की फोटो लगाकर उनकी ही कंपनी के कर्मचारी को झांसा दिया और 7.80 करोड़ ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद कर्मचारी ने इस बारे में नरेश गुजराल की बेटी दीक्षा गुजराल को जानकारी दी। दीक्षा को शक हुआ तो तुरंत अपने पिता से बात की। नरेश गुजराल ने साफ कहा कि उन्होंने किसी को पैसे भेजने के लिए नहीं कहा था और उन्हें इस लेन-देन के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

साइबर सेल ने चार करोड़ कराए फ्रीज

इसके बाद परिवार और कर्मचारियों को पता चला कि कोई ठग नरेश गुजराल बनकर वॉट्सएप पर लोगों को मैसेज भेज रहा था और वे एक सोची-समझी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने तुरंत एक्शन लेते हुए करीब 4 करोड़ फ्रीज करवा दिए हैं। पता चला है कि आरोपियों ने नरेश गुजराल की कंपनी की वित्तीय टीम को निशाना बनाया

आईसीजी को मिला स्वदेशी एयर कुशन वाहन

समुद्री चुनौतियों का करेगा मुकाबला

गोवा। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने स्वदेशी एयर कुशन वाहन को शामिल करके परिचालन क्षमता को मजबूत किया है। आईसीजी के लिए चौगुले एंड कंपनी प्रा. लि. द्वारा निर्मित छह स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल्स (एसीवी) में से पहला व्हीकल गोवा में सेवा में शामिल किया गया। इस होवरक्राफ्ट का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की संचालन क्षमता को बढ़ाना और उभरती चुनौतियों का सामना करने की उसकी क्षमता को मजबूत करना है। इसका सेवा में शामिल होना आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा और देश के बढ़ते समुद्री औद्योगिक आधार का प्रतीक होगा।

खबर संक्षेप

लापता अग्निवीर का शव खाली बैरक में मिला

फर्रुखाबाद। तीन दिन से लापता 22 वर्षीय अग्निवीर का शव यूपी के फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ में सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट सेंटर के एक खाली बैरक में फंदे से लटका हुआ मिला। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान जसनप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पंजाब के बरनाला जिले के भगतपुर गांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि बैरक से तेज बदबू आने के बाद जब पुलिस को सूचना दी गई, तब इस पूरी घटना का खुलासा हुआ।

लावारिस कार के अंदर फंसी बच्ची, मौत

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक खड़ी कार के अंदर फंसने के बाद दम घुटने से पांच साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम चाईबासा सदर थाना क्षेत्र के तुंगरी में हुई। बच्ची, ईशानी गोप, खेल-खेल में लावारिस वाहन के अंदर घुस गई। तुंगरी रेलवे ओवरब्रिज के पास एक सरकारी स्कूल से अपने चचेरे भाई के साथ घर लौट रही थी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

नीट री-परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी होगी: धर्मेंद्र प्रधान

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पहले तीन मई को कराई गई थी परीक्षा

पेपर लीक होने पर 12मई को रद्द कर दी गई

अब नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा 21 जून को होगी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 21 जून को दोबारा आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारियों का जायजा लेने के बृहस्पतिवार को शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, नेशनल परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और उच्च शिक्षा संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की।

नीट-यूजी इस साल तीन मई को कराई गई थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच एनटीए ने इसे 12 मई को रद्द कर दिया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)इससे जुड़े प्रकरण की जांच कर रहा है। प्रधान ने बैठक को संबोधित करते हुए परीक्षा प्रक्रिया में 'शुचिता, पारदर्शिता और दक्षता के उच्चतम मानकों'' को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सतर्क रहें और दोबारा हो रही परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्रालय द्वारा नियुक्त अधिकारी पुनः परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी गतिविधियों का समन्वय करने के लिए सभी राज्यों में जाएंगे।

▶▶ पेपर सेट करने वाले एक्सपर्ट्स और स्टाफ का परीक्षा खत्म होने तक 'लॉकडाउन'

राज्यों ने की विशेष तैयारी

छात्र को मुफ्त बस यात्रा

हरियाणा, दिल्ली, उप्र, मुम्बई और पंजाब समेत कई राज्य सरकारों ने छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र तक आवागमन के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की है।

स्टेशन और बस अड्डों पर व्यवस्था

एनटीए ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे और स्थानीय परिवहन विभाग को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

गृह सचिव ने दिए कड़े निर्देश

गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे पुनर्परीक्षा के दोषरहित संचालन के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करें।

3:15 घंटे का होगा, 4 रफ वर्क शीट मिलेंगी

12 जून को जारी गाइडलाइंस के मुताबिक, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा आंसर शीट में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नीट के अभ्यर्थियों से 1.32 लाख करोड़ वसूले: प्रियंका

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने नीट परीक्षा और देश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि हर साल नीट परीक्षा देने वाले करीब 22 लाख छात्रों और उनके परिवारों से तैयारी, कोचिंग और अन्य खर्चों के जरिए लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपये खर्च कराए जाते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह राशि देश के वार्षिक शिक्षा बजट के लगभग बराबर है और यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था की गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लाखों छात्र और उनके परिवार मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए भारी आर्थिक दबाव झेलते हैं। उन्होंने दावा किया कि नीट से जुड़े खर्चों का कुल आंकड़ा 1.32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है, जबकि केंद्र का शिक्षा बजट करीब 1.40 लाख करोड़ है। कांग्रेस सांसद ने सवाल उठाया कि आखिर छात्रों और उनके परिवारों पर इतना आर्थिक बोझ क्यों डाला जा रहा है।

बोलीं-यह रकम शिक्षा बजट के लगभग बराबर

राहुल गांधी ने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में उठाए थे सवाल

प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी उस समय आई है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छात्रों से संवाद किया। राहुल गांधी ने शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते दबाव, प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों और छात्रों में बढ़ रहे मानसिक तनाव को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि मौजूदा शिक्षा प्रणाली छात्रों पर अत्यधिक दबाव डाल रही है।

पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार पूर्व मंत्री गुहा पर अंडे फेंके

तृणमूल नेता पर जबरन वसूली के आरोप

थाना के बाहर घंटों जमा रही भीड़

भाषा ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता उदयन गुहा पर बृहस्पतिवार को कूचबिहार जिले में दिन्हाट पुलिस थाना के बाहर भीड़ ने उस समय अंडे फेंके जब उन्हें एक मामले में पेशी के लिए अदालत ले जाया जा रहा था। उदयन को कथित तौर पर जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। लोगों के मुताबिक पूर्व मंत्री ने हेलमेट पहना था, जिसने उनके चेहरे पर कोई अंडा नहीं लगा, लेकिन कारागार वाहन की ओर जाते समय उनके शरीर पर कई अंडे लगे। गुहा को अदालत ले जाने से कई घंटे पहले ही थाना के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी जिनमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। प्रदर्शनकारियों की नारेबाजी की वजह से माहौल शोर-शराबे वाला हो गया और पुलिसकर्मियों ने गुहा के चारों ओर सुरक्षा घेरा बना लिया। भाजपा ने दावा किया कि गुहा के कार्यकाल के दौरान दिनहाटा में कार्यकर्ताओं को बरसों तक राजनीतिक हिंसा का सामना करना पड़ा।

पूर्व मंत्री विश्वास से पुलिस ने पूछताछ की

▶▶ फुटबाल दिग्गज मेस्सी के कार्यक्रम में अनियमितताओं का आरोप

कोलकाता (भाषा)। अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी से जुड़े वर्ष 2025 के एक कार्यक्रम में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में विधाननगर पुलिस ने पश्चिम बंगाल के पूर्व खेल मंत्री अरूप विश्वास से तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। पिछले दो समन की अनदेखी करने और तीसरे के अनुपालन में देरी के बाद विश्वास सुबह 9.55 बजे विधाननगर दक्षिण पुलिस थाने पहुंचे। उनकी पेशी कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद हुई थी जिसमें उन्हें पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई से सशर्त छूट दी गई थी। तृणमूल नेता को दोपहर करीब 1.15 बजे उस वाहन में पुलिस थाना परिसर से बाहर निकलते देखा गया।

दान गबन: मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष की टिप्पणी

राम मंदिर के सुचारू रूप से संचालन बेहतर सीईओ की जरूरत: नृपेंद्र

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दान गबन के विवाद के बीच नृपेंद्र मिश्रा ने एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में मंदिर के लिए एक अनुभवी सीईओ की नियुक्त करने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने दान विवाद को गंभीर चोट देने वाला बताया है। पीएमओ में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व प्रशासनिक अधिकारी (मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष) नृपेंद्र मिश्र ने अब इस मामले में कहा है कि राम मंदिर जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के धार्मिक केंद्र के प्रबंधन के लिए जल्द अनुभवी और सक्षम मुख्य कार्यकारी अधिकारी अथवा विशेष कार्याधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए।

जमीन विवाद का भी किया जिक्र

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मिश्र ने विवाद के चलते दुख से जुड़े सवाल पर कहा कि अगर मौजूदा विवाद मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा है तो यह स्वाभाविक रूप से मंदिर की सेवा और व्यवस्थाओं से जुड़े सभी लोगों के लिए दुखद है। यह मामला पहले सामने आए जमीन खरीद विवाद से भी अधिक गंभीर और चुनौतीपूर्ण है। भूमि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई थी।

एसआईटी ने अनिल मिश्रा से पूछताछ की

अयोध्या (भाषा)। राम मंदिर में दान और चढ़ावे के कथित गबन की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बृहस्पतिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा से दान राशि की गिनती और इस प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों की नियुक्ति के सिलसिले में पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्यीय एसआईटी बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे राम मंदिर परिसर पहुंची और लगातार चौथे दिन अपनी जांच जारी रखी। सूत्रों के मुताबिक, मिश्रा से मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे की गिनती की प्रणाली और इस कवायद से जुड़े व्यक्तियों की भर्ती के संबंध में पूछताछ की गई। उत्तर प्रदेश सरकार ने दान के गबन और वित्तीय कुप्रबंधन से जुड़े आरोपों की जांच के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर 13 जून को एसआईटी का गठन किया।

वैज्ञानिक आंकड़ों के विश्लेषण में किया दावा

गंगा की स्वच्छता में लगातार सुधार हो रहा है : एनएमसीजी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने बुधवार को कहा कि गंगा साफ हो रही है या नहीं, यह अब 'सिर्फ राय का मामला नहीं' है और वैज्ञानिक निगरानी से अब नदी की स्थिति में सुधार के सबूत उपलब्ध हैं। 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के 12 साल पूरे होने पर एनएमसीजी ने कहा, कि हमारे जीवन के अधिकतर समय में, 'क्या गंगा साफ़ हो रही है' यह राय का विषय रहा है। नमामि गंगे के 12 वर्षों ने इसे बदल दिया है। आज, इसका जवाब एक माप है।'उत्तराखंड, उप्र, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में पानी की गुणवत्ता की निगरानी करने वाले 112 स्टेशन संचालित हैं, जो घुलित ऑक्सीजन, जैव-रासायनिक ऑक्सीजन की मांग, पीएच और 'फीकल कोलीफॉर्म' को मापते हैं।

गुणवत्ता मापदंड

उत्तराखंड में मुख्य गंगा नदी के किनारे अब कोई भी प्रदूषित हिस्सा नहीं है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी 2018 की तुलना में प्रदूषण श्रेणियों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

प्रदूषण भार में कमी

जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) का स्तर जो 2017 में 26 टन प्रतिदिन था, वह कम होकर 13.73 टन प्रतिदिन (2023 तक) रह गया है।

कांग्रेस के निलंबित विधायक योग दिवस पर बने अतिथि

चंडीगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रमों ने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। सरकार ने कार्यक्रमों के लिए मंत्रियों और सांसदों, विधायकों की ड्यूटी लगाई है। इन सभी में सबसे ज्यादा सियासी बहस पांच विधायकों पर केंद्रित है जिन्हें कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी लाइन के खिलाफ मतदान करने के आरोप में निलंबित कर रखा है। सरकार ने इन पांचों कांग्रेस विधायकों को भी योग दिवस कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है।

रांची में आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के आरोप में तीन गिरफ्तार

रांची/जमशेदपुर (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के रांची कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें से एक आरोपी दोपहर में पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि दो आरोपियों को बुधवार देर रात लोहरदगा जिले से पकड़ा गया और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई एक कार जब्त कर ली गई। वहीं एक और आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा

खुली निविदा संख्या 14-अम्बाला/2026-27 दिनांक 17.06.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	ए.डी.ई.एन./चंडीगढ़ के अधीन एस.एस.ई./कार्य-II/चंडीगढ़ के सेक्शन में अम्बाला छावनी-कालका सेक्शन (चंडीगढ़ को छोड़कर) के अंतर्गत जोन-B में स्थित स्टाफ क्वार्टरों एवं सेवा भवनों की 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि हेतु वार्षिक मरम्मत, सफेदी, कलर वाशिंग तथा पेंटिंग का कार्य।	1,00,00,000	2,00,000	11 महीने	10.07.2026
2	ए.डी.ई.एन./सहारनपुर के अधीन एस.एस.ई./कार्य/एस्टेट/ सहारनपुर के सेक्शन में 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन A एवं B के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों में वार्षिक विविध मरम्मत, रिसावयुक्त छतों की मरम्मत, सफेदी एवं पेंटिंग का कार्य।	1,09,99,370	2,20,000	11 महीने	10.07.2026
3	ए.डी.ई.एन./सहारनपुर के अधीन एस.एस.ई./कार्य/एल/सहारनपुर के सेक्शन में, 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि हेतु सहारनपुर सेक्शन के अंतर्गत जोन C एवं D में स्थित स्टाफ क्वार्टरों की वार्षिक विविध मरम्मत, टपकती छतों की देखभाल/मरम्मत, सफेदी एवं पेंटिंग का कार्य	1,09,99,644	2,20,000	11 महीने	10.07.2026
4	ए.डी.ई.एन./अम्बाला छावनी के अधीन अम्बाला छावनी स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 6 एवं 7 (290 x 10.50 मीटर) तथा प्लेटफार्म संख्या 1A (230 x 7.30 मीटर) पर शेड उपलब्ध कराने/निर्माण करने का कार्य होने वाली अवधि हेतु वार्षिक मरम्मत, सफेदी एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	2,78,61,046	5,57,200	08 महीने	10.07.2026
5	अम्बाला मंडल के अंतर्गत सरहिंद-धुरी-लुधियाना पैसेंजर कॉरिडोर (SIR-DLPC) सेक्शन के पुल संख्या 93, 99, 140, 153 एवं 154, अम्बाला छावनी-लुधियाना (UMB-LDH) सेक्शन के पुल संख्या 313 एवं 325, सहारनपुर-अम्बाला छावनी (SRE-UMB) सेक्शन के पुल संख्या 245, जाखल-हिसार (JHL-HSR) सेक्शन के पुल संख्या 2, अम्बाला छावनी-सहारनपुर (UMB-SRE) सेक्शन के पुल संख्या 283 एवं 294 तथा अम्बाला छावनी-कालका (UMB-KLK) सेक्शन के पुल संख्या 262 पर स्थापित जल-स्तर निगरानी प्रणाली (Water Level Monitoring System) के वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC) का कार्य (कुल 12 संख्या)।	13,78,789	27,600	06 महीने	10.07.2026
6	वरिष्ठ ए.डी.ई.एन./अम्बाला छावनी के अधीन एस.एस.ई./कार्य/एस्टेट/अम्बाला छावनी के सेक्शन में पुरानी रेलवे कॉलोनी के पूर्वी भाग स्थित जोन-F के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों एवं सेवा भवनों की 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि हेतु वार्षिक मरम्मत, सफेदी, कलर वाशिंग तथा पेंटिंग का कार्य।	64,98,510	1,30,000	11 महीने	10.07.2026
7	वरिष्ठ ए.डी.ई.एन./अम्बाला छावनी के अधीन एस.एस.ई./कार्य/एस्टेट/अम्बाला छावनी के सेक्शन में पुरानी रेलवे कॉलोनी के पश्चिमी भाग स्थित जोन-B एवं डी.आर.एच के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों एवं सेवा भवनों की 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि हेतु वार्षिक मरम्मत, सफेदी, कलर वाशिंग तथा पेंटिंग का कार्य।	74,99,348	1,50,000	11 महीने	10.07.2026
8	वरिष्ठ ए.डी.ई.एन./अम्बाला छावनी के अधीन एस.एस.ई./कार्य-आर.वी/अम्बाला छावनी के सेक्शन में जोन-D के अंतर्गत टाइप-V एवं टाइप-IV स्टाफ क्वार्टरों तथा सेवा भवनों की 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि हेतु वार्षिक मरम्मत, सफेदी, कलर वाशिंग तथा पेंटिंग का कार्य।	84,99,954	1,70,000	11 महीने	10.07.2026

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 2091/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पंजाब के साथ लगते जिलों में बढ़ रहे नशे के मामले, नशा तस्करी के मामलों की जल्द होगी सुनवाई

फतेहाबाद, सिरसा व रोहतक समेत कई जिलों में 13 नए फास्ट ट्रैक एनडीपीएस कोर्ट बने

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश की नायब सैनी सरकार मादक पदार्थों और ड्रग आदि पर कड़े प्रहार की तैयारी में है ताकि प्रदेश की युवा पीढ़ी और प्रदेश को इससे बचाया जा सके। भविष्य में हरियाणा में इन कामों में लगे तस्करों पर ठोस शिकंजा कसने की विशेष रणनीति के तहत कार्रवाई तेजी से होगी।

नशे के मामलों में त्वरित निस्तारण के लिए सूबे में 13 नए फास्ट ट्रैक एनडीपीएस कोर्ट स्थापित किए गए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही राज्य के छह जिलों में न्यायिक क्षमता बढ़ाने की तैयारी है। सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी और एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) अधिनियम से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राज्य में 13 नए विशेष फास्ट ट्रैक एनडीपीएस न्यायालयों की स्थापना की अधिसूचना जारी की है। प्रशासनिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 36 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से इन विशेष अदालतों की स्थापना की गई है।

प्रभावित जिलों पर पैनी नजर रखेंगी खास टीमें

खास बात यह है कि प्रभावित जिलों और जहां-जहां पर ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं, वहां पर शिकंजा कसने का काम राज्य सरकार द्वारा गठित खास टीमें करेंगी। जारी अधिसूचना पर नजर डालें तो फरीदाबाद और गुरुग्राम, पंचकूला, रोहतक व यमुनानगर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की एक-एक अदालत, फतेहाबाद में दो अतिरिक्त अदालतें और सिरसा में छह अतिरिक्त अदालतें स्थापित की हैं। अदालतें पहले से कार्यरत अदालतों के अतिरिक्त होंगी और विशेष रूप से एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करेंगी। संबंधित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को विशेष अदालतों का न्यायाधीश भी नियुक्त किया है ताकि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों का शीघ्र और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब हरियाणा सरकार राज्य में नशे के खिलाफ अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर काम कर रही है। अफसरों का कहना है कि विशेष अदालतों की संख्या बढ़ने से लंबित मामलों का बोझ कम होगा, मुकदमों की सुनवाई में तेजी आएगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

विधानसभा में कई बार उठाया जा चुका नशे का मामला

पंजाब से लगते जिलों में लगातार नशा और ड्रग का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। अहम बात यह है कि हरियाणा विस के हर सत्र में किसी ना किसी विधायक ने उक्त मामले को उठाने का काम किया है। पंजाब से लगते जिलों की बात करें तो सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पंचकूला व कैथल सहित कई जिलों में लगातार ड्रग और नशा बढ़ने को लेकर चिंता ज्यादा है। सूबे की सैनी सरकार ने साफ कर दिया है कि राज्य के अंदर इस तरह के तत्वों के लिए कोई जगह नहीं हैं।

चिंतन

यूएस-ईरान डील: दुनिया ने ली राहत की सांस

आखिरकार 111 दिनों तक चले संघर्ष के बाद अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियानने अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर किए। खाड़ी संकट दूर होने से दुनिया ने राहत की सांस ली है। अब उम्मीद की जा सकती है कि तेल के दाम कम होंगे, महंगाई घटेगी और सप्लाई चेन बाधित नहीं होगी। महंगाई बढ़ने की आशंकाओं पर रोक लगेगी। हालांकि सफर लंबा है। युद्ध पूर्व के हालात बहाल होने में अभी समय लगेगा। अब देखा जाए जो इस संघष में अमेरिका ने अपना नुकसान ही किया है। उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। वहीं, ईरान ने भी इस युद्ध में काफी नुकसान झेला है। यहां तक की अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई तक को खो दिया। इसके अलावा भी कई बड़े नेता भी इसमें मारे गए हैं। इसके बावजूद वार्ता की मेज पर ईरान अपनी कई प्रमुख मांगों को आगे बढ़ाने में सफल दिखाई देता है। उसने इस समझौते में अपनी लगभग सभी शर्तें मनवा ली हैं। अब वह होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से पैसा वसूल सकेगा। अमेरिका उसके सभी फ्रीज खाते खोलेगा और पुनर्निर्माण में भी मदद करेगा। साथ ही ईरान पर लगा तेल बेचने का बैन भी खत्म होगा। कुल मिलाकर ईरान के लिए यह समझौता काफी मददगार साबित होगा। बिना सोचे समझे फैसला करने के आदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अपनी जीत ही बताएंगे, लेकिन वह ऐसा कुछ भी हासिल नहीं कर सके, जिसे उनकी उपलब्धि कहा जाए। अमेरिका ने इन हमलों पर भारी भरकम खर्च किया। दूसरी तरफ ईरान ने जवाबी कार्रवाई से मुंहतोड़ जवाब दिया और खाड़ी देशों में उसके एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस युद्ध से अमेरिका को अपनी सीमा भी पता चल गई। चूंकि वह ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन करवा पाया और न ही उसके मौजूदा शासन को झटका दे पाया। इस संघर्ष ने एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैन्य ताकत का प्रदर्शन नहीं होते, बल्कि उनकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत भी बहुत अधिक होती है। अमेरिका जैसी महाशक्ति को भी यह एहसास हुआ कि किसी देश की सरकार को केवल सैन्य कार्रवाई के जरिए बदलना आसान नहीं है। वहीं, ईरान ने भी यह दिखाया कि वह दबाव के सामने पूरी तरह झुकने को तैयार नहीं है। यही कारण रहा कि अंततः दोनों पक्षों को बातचीत का रास्ता चुनना पड़ा। फिर भी इस समझौते को अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता। यह केवल एक अंतरिम व्यवस्था है, जिसके बाद कई जटिल मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है। क्षेत्रीय सुरक्षा, प्रतिबंधों की स्थायी समाप्ति, परमाणु कार्यक्रम और पारस्परिक विश्वास बहाली जैसे विषय अभी भी चुनौती बने हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर संतुलित समाधान नहीं निकलता, तो भविष्य में तनाव फिर बढ़ सकता है। फिलहाल इतना निश्चित है कि युद्ध की आग पर कूटनीति ने पानी डालने का काम किया है। दुनिया ने राहत की सांस ली है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बड़े संकट से बचने का अवसर मिला है। लेकिन स्थायी शांति केवल समझौते पर हस्ताक्षर करने से नहीं आएगी। इसके लिए दोनों देशों को संयम, विश्वास और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा। आने वाला समय बताएगा कि यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनता है या केवल संघर्ष के बीच एक अस्थायी विराम साबित होता है।

विश्व परिदृश्य
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

व्यापार समझौतों से विकास की इबारत

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत तेजी से व्यापार कूटनीति को अपनी विकास रणनीति का प्रमुख आधार बना रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ओमान और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में बढ़ती प्रगति भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद वैश्विक व्यापारिक माहौल में आई सकारात्मकता भी भारत के पक्ष में दिखाई दे रही है। नए व्यापार समझौते जहां निर्यात, निवेश और विनिर्माण को गति देंगे, वहीं सरल श्रम कानूनों के साथ मिलकर रोजगार सृजन और विकसित भारत के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता जल्द आकार लेगा। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ करते कहा कि मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूं, वे मेरे अच्छे दोस्त हैं और भविष्य में मैं भारत जा सकता हूं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब दोनों देश व्यापार समझौते के लिए अपने आर्थिक-व्यापारिक मुद्दों को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों 1 जून से 4 जून के बीच नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता संपन्न हुई है। इस वार्ता के बाद दोनों देशों ने कहा कि उनके बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से संबंधित 99 प्रतिशत मुद्दे तय हो चुके हैं और दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की राह पर हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि जी 7 सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी के साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने वार्ता के दौरान कहा कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता(एफटीए) इसी वर्ष 2026 के अंत तक कार्यान्वित होने लगेगा। इतना ही नहीं, ब्रिटेन के साथ एफटीए भी आगामी 15 जुलाई से कार्यान्वित होना सुनिश्चित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आगामी 10 महीनों में 9 एफटीए लागू करेगा। इससे देश निर्यात, विनिर्माण और निवेश का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। 17 जून को पश्चिम एशिया संकट के समाधान से भारत से निर्यात बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के मद्देनजर व्यापार समझौतों की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय वैश्विक निर्यात का ग्राफ तेजी से घट रहा है, वहीं हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-मई माह 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है और भारत की विकास दर भी उभरते हुए देशों में सबसे अधिक है। ऐसे में अब नए व्यापार समझौतों से इस वित्तीय वर्ष 2026-27 में जहां भारत के निर्यात तेजी से बढ़ेंगे, वहीं अर्थव्यवस्था की रफ्तार और तेज होगी। विगत एक जून को भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक एवं साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो गया है। इससे आगामी पांच वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 20 अरब डॉलर के पार पहुंचने का अनुमान है। ओमान में भारत के 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। इसके जरिये ओमान में भारत के कृषि, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, प्लास्टिक, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, फुटवियर व ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क समाप्ति और निर्यात विस्तार का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि यह समझौता दक्षिण एशिया, खाड़ी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका को जोड़ने वाला एक रणनीतिक आर्थिक गलियारा स्थापित करेगा। इससे कारोबार बढ़ने के साथ रोजगार मौके भी बढ़ेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनो 19वें रोजगार मेले में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ भारत के तेजी से आकार ले रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते और मुक्त व्यापार समझौते तथा भारत में लागू किए जा रहे सरल कानूनों से देश के तेज विकास के साथ युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर निर्मित होंगे। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि व्यापार समझौतों को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर हाल ही में पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इन चार श्रम संहिताओं-मज़दूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार की मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई देंगे। पिछले माह 15 से 20 मई तक प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों-संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता के दौरान इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान 19 मई को ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। विगत 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं और यह जल्द ही पूर्णतया लागू होगा। न्यूजीलैंड के साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। साथ ही अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। इतना ही नहीं इस समय कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आ रही है। अमेरिका और इरान के बीच शांति समझौते और पश्चिम एशिया संकट के समाधान के बाद सरकार व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि प्रभावी व्यापार समझौतों के आधार पर डॉलर की तुलना में रुपये की गिरावट थमेगी और रुपया मजबूत होगा। साथ ही भारत आगामी 4-5 वर्षों में दुनिया के सबसे आकर्षक शेयर बाजारों में से एक होगा और अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। इससे भारत के द्वारा उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि के नए अध्यायय लिखे जा सकेंगे।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

योगेश कुमार गोयल

सिकल सेल रोग मुक्त कल की ओर बढ़ रही दुनिया

मानव सभ्यता ने चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निदान से लेकर जीन संपादन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों तक विज्ञान ने अनेक असाध्य रोगों के उपचार की संभावनाएं विकसित की हैं। फिर भी दुनिया में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनके लिए जीवन आज भी एक निरंतर संघर्ष बना हुआ है। सिकल सेल रोग उन्हीं चुनौतियों में से एक है। यह केवल एक आनुवंशिक रक्त विकार नहीं बल्कि स्वास्थ्य असमानता, सामाजिक न्याय और चिकित्सा सुविधाओं तक समान पहुंच से जुड़ा वैश्विक प्रश्न बन चुका है। इसी वास्तविकता को रेखांकित करने के लिए प्रतिवर्ष 19 जून को 'विश्व सिकल सेल दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मान्यता प्राप्त यह दिवस दुनिया का ध्यान उन लाखों रोगियों और परिवारों की ओर आकर्षित करता है, जो प्रतिदिन इस बीमारी से उत्पन्न पीड़ा, भेदभाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। वर्ष 2026 में विश्व सिकल सेल दिवस का वैश्विक विषय है 'जीवन प्रत्याशा में अंतर को कम करना: सिकल सेल रोग में समानता'। यह विषय इस कठोर सच्चाई को सामने लाता है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बावजूद दुनिया के विभिन्न देशों और समुदायों में सिकल सेल रोगियों की जीवन प्रत्याशा में भारी अंतर मौजूद है। विकसित देशों में जहां समय पर जांच, उपचार और विशेषज्ञ देखभाल के कारण रोगी अपेक्षाकृत लंबा जीवन जी रहे हैं, वहीं निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हजारों बच्चे पांच वर्ष की आयु पूरी करने से पहले ही इस रोग के कारण दम तोड़ देते हैं। इस असमानता को समाप्त करना आज वैश्विक स्वास्थ्य समुदाय की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार हर वर्ष लगभग 2.7 लाख बच्चे सिकल सेल रोग के साथ जन्म लेते हैं। इनमें से अधिकांश जन्म उप-सहारा अफ्रीका में होते हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता स्थिति को और जटिल बना देती है। वैश्विक स्तर पर लाखों लोग इस रोग के साथ जीवन जी रहे हैं। पिछले दो दशकों में रोगियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो जनसंख्या वृद्धि, बेहतर निदान तथा स्वास्थ्य आंकड़ों के अधिक सटीक संकलन का परिणाम भी है। सिकल सेल रोग में लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार या हंसिए जैसी आकृति धारण कर लेती हैं। ये कोशिकाएं कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं तथा रक्त वाहिकाओं में फंसकर रक्त प्रवाह को बाधित करती हैं। परिणामस्वरूप रोगी को असहनीय दर्द, एनीमिया, अंगों की क्षति और कई बार जीवन-घातक जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं का जीवनकाल लगभग 120 दिन होता है, जबकि सिकल कोशिकाएं केवल 10 से 20 दिनों में नष्ट हो जाती हैं। इससे शरीर में लाल रक्त कणों की कमी उत्पन्न होती है और रोगी लगातार एनीमिया से ग्रस्त रहता है। रोग के लक्षण प्रायः जन्म के पांच से छह महीने बाद दिखाई देने लगते हैं। बार-बार दर्द का दौरा पड़ना, हाथ-पैरों में सूजन, संक्रमण की अधिक संभावना, विकास में देरी, दृष्टि संबंधी समस्याएं और थकान इसके प्रमुख लक्षण हैं। समय के साथ यह रोग फेफड़ों, यकृत, गुर्दों, हृदय तथा प्लीहा जैसे महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। भारत में सिकल सेल रोग एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहा है। विशेष रूप से मध्य भारत के जनजातीय क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखा जाता है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में इसकी व्यापकता अपेक्षाकृत अधिक है। देश की कई जनजातीय आबादियां इस रोग से प्रभावित हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत विश्व के उन देशों में शामिल है, जहां सिकल सेल रोगियों की संख्या सर्वाधिक है। इसी कारण भारत सरकार ने राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2047 तक इस रोग की चुनौती को नियंत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मिशन के तहत बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग, आनुवंशिक परामर्श, जागरूकता अभियान और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जब तक प्रत्येक व्यक्ति को समान स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तब तक स्वास्थ्य न्याय का लक्ष्य अधूरा रहेगा। विश्व सिकल सेल दिवस का सबसे बड़ा संदेश है कि किसी भी बच्चे का जीवन केवल इसलिए छोटा नहीं होना चाहिए कि वह ऐसी जगह पैदा हुआ है, जहां उपचार उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य समानता ही सिकल सेल मुक्त और अधिक मानवीय विश्व की आधारशिला है।

(लेखिक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्नता बन जाए परमात्मा

संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

विद्वत्ता पर कभी घमंड न करें

संकलित
प्रेरणा

महाकवि कालिदास रास्ते में थे। प्यास लगी। वहां एक पनिहारिन पानी भर रही थी। कालिदास बोले- माते! पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा। पनिहारिन बोली- बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं पानी पिला दूंगी। कालिदास ने कहा- मैं मेहमान हूँ, कृपया पानी पिला दें। पनिहारिन बोली- तुम मेहमान कैसे हो सकते हो ? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम ? तर्क से पराजित कालीदास अवाक रह गए। कालिदास बोले- मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। पनिहारिन ने कहा: नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो? कालिदास मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे! कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा पनिहारिन के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे! वृद्धा ने कहा- उठो वत्स! आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुनः नतमस्तक हो गए। मां ने कहा- शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार से। तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा।

अंतर्मन

आज की पाती

पूजा स्थलों का धन चुराना महापाप

चोरी को अपने आप में ही महापातक माना जाता है। बताते हैं कि चोरी करने से मिलने वाला पाप लगभग ब्रह्महत्या, गुरुहत्या, गौहत्या के ही बराबर होता है। और जो धार्मिक, आध्यात्मिक स्थल (मंदिर) में चोरी करे, उसके पापों का हिसाब लगाया जा सकता है। लेकिन कुछ और तथ्यों की जांच-पड़ताल और जानकारी भी बहुत जरूरी है। सामान्य और विशेष, सभी परिस्थितियों में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा, गोम्पा व अन्य पूजा स्थल पर चढ़ावे के रूप में प्राप्त होने वाले करोड़ों-अरबों रुपए का लोग क्या करते हैं, कितना धन जनसेवा, लोक कल्याण में लगता है, और कितना व्यक्तिगत रूप से प्रयोग/दुरुपयोग किया जाता है। ऐसा भी अक्सर देखने में आता है कि बहुत सारे लोग इस प्रकार के धन से अपने संपूर्ण परिवार को न सिर्फ पालते ही हैं, बल्कि ऐश्वर्य, वैभव की जिंदगी जीते हैं।

- विवेक चौहान, करनाल

ट्रेंड

विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति

मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास व विरासत के संगम का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं। इन वर्षों में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण हुआ व पीएम आवास, आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति दी। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

शानदार हज

इस साल का हज इतिहास का सबसे शानदार हज था। हजारों की संख्या में हाजियों ने सरकार का शुक्रिया अदा किया है...इस शानदार हज के कारण भारत को दो पुरस्कार मिले हैं। 1.75 लाख हाजियों का फीडबैक अच्छा रहा...सब काम समय पर हुआ। पहली बार 'शॉर्ट ड्यूरेशन हज' की शुरुआत की गई। **-किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री

नीट: 1.32 लाख करोड़ खर्च

हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्रों से सिस्टम के जरिए 1.32 लाख करोड़ खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि सरकार ने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपये हैं। **-प्रियंका गांधी,** सांसद, कांग्रेस

भ्रष्टाचार खत्म होगा

पश्चिम बंगाल कर नई भाजपा सरकार ने उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, जिन्हें पिछली सरकार का संरक्षण प्राप्त था। सरकार धमकाने की संस्कृति और भ्रष्टाचार के गिरोहों को भी खत्म करेगी।' प्रदेश का संपूर्ण विकास होगा। **-आर. एन. रवि,** राज्यपाल, बंगाल

करंट अफेयर

हाल के वर्षों में 'योग' चीन में काफी लोकप्रिय हो गया

चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की प्राचीन आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति योग और चीन की 'एक्यूपंक्चर' और मार्शल आर्ट्स दोनों देशों के बीच साझा सभ्यतागत संबंधों को दर्शाते हैं। चीन अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (सीआईडीसीए) के अध्यक्ष लूओ जोहुई ने बुधवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा- हाल के वर्षों में योग चीन में बहुत लोकप्रिय हो गया है। इसी तरह, चीन की एक्यूपंक्चर और मार्शल आर्ट्स भारत में काफी मशहूर है। उन्होंने इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी की पुस्तक 'माय फाइव टू थ्राइव' का विमोचन किया। यह पुस्तक श्वास तकनीकों और योग पर आधारित है। लुओ ने यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले की, जो हर वर्ष चीन में उत्साह के साथ मनाया जाता है। योग दिवस हर साल 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी थी। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास शुक्रवार को एक बड़ा योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके बाद चीन में भारत के अन्य मिशन भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे। चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि सांस लेना मानव जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है और श्वास संबंधी तकनीकें बेहतर जीवन जीने में मदद करती हैं।

ऑफ बीट

विश्व का सबसे बड़ा जलवायु खतरा जो दिखता नहीं

अटलांटिक महासागर की गहराइयों में पानी का एक विशाल प्रवाह उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से गर्मी को ग्रीनलैंड की ओर ले जाता है। इसे 'अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन' कहा जाता है। यह पूरी प्रक्रिया अधिकांशतः हमारी नजरों से दूर होती है, इसलिए वर्षावनों, ध्रुवीय हिम आवरण या जलवायु को नियंत्रित करने वाली अन्य विशाल प्रणालियों जैसी सार्वजनिक पहचान इसे नहीं मिली। हाल के अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि यह प्रणाली कमजोर पड़ रही है। यदि इसकी गति और धीमी होती है तो दुनिया के लगातार गर्म होने के बावजूद उत्तरी यूरोप में सर्दियां कहीं अधिक ठंडी हो सकती हैं। इसके साथ ही उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की मानसून प्रणालियों में बदलाव हो सकते हैं और अमेरिका के पूर्वी तट पर समुद्र का स्तर अचानक बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों की लगातार चेतावनियों के बावजूद एएमओसी बिरले ही सुर्खियों में आ पाता है। इसका एक कारण मीडिया स्वामित्व और संपादकीय सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन इसके पीछे एक और वजह भी है। दरअसल, एएमओसी आधुनिक पत्रकारिता के सामने एक अनोखी चुनौती पेश करता है। इसे समझना ही नहीं, इसकी कल्पना करना भी कई लोगों के लिए मुश्किल है, क्योंकि अटलांटिक महासागर की गहराइयों में धीरे-धीरे और लगभग खामोशी से संचालित होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कालेब यिरेनकी के अंतिम क्षणों के गोल से घाना जीता

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

कालेब यिरेनकी के दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में किए गए गोल की मदद से घाना ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एल के मैच में पनामा को 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर छूटेगा तब यिरेनकी ने ब्रैंडन थॉमस असांटे के क्रॉस पर गोल किया। थॉमस असांटे को बायीं ओर से गोल करने का मौका मिला और उन्होंने करारा शॉट जमाया जिसे यिरेनकी ने सही दिशा देकर गोल में डाल दिया। इस मैच में दोनों टीम को गोल करने के बहुत कम मौके मिले थे। ऐसे में पनामा को उम्मीद थी कि वह विश्व कप में अपना पहला अंक हासिल करने में सफल रहेगा लेकिन यिरेनकी के गोल ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

घाना ने 65वें मिनट पर किया गोल

घाना को 65वें मिनट में गोल करने का मौका मिला था जब थॉमस असांटे ने पनामा की रक्षापंक्ति को भेदते हुए बॉक्स के अंदर जॉर्डन अय्यू को पास दिया, लेकिन जियोवानी रामोस ने पीछे से आकर यह प्रयास नाकाम कर दिया। इस जीत से घाना ग्रुप एल में इंग्लैंड के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

गोलकीपर ने रोका शानदार पहला शॉट

पहले हाफ में गोल पर एकमात्र शॉट खेल शुरू होने के दो मिनट बाद लगाया गया। तब पनामा के फॉरवर्ड सेसिलियो वाटरमैन ने आमिर मुरिलो के एक निचले क्रॉस पर गेंद पर बॉक्स के बीच से शॉट लगाया लेकिन गोलकीपर एटिजिगी ने दायीं ओर डाइव लगाकर उसे रोक दिया। एटिजिगी चोटिल होने के कारण हाफटाइम के बाद मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह बेंजामिन असारे ने ली।

नहीं चला रोनाल्डो का जादू, कांगो ने पुर्तगाल को बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने हैट्रिक बनाकर अपनी टीम को विश्व कप फुटबॉल में शानदार शुरुआत दिलाई थी लेकिन उन्हीं की तरह छठी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एक अन्य दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ऐसा कोई कमाल नहीं दिखा पाए और उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो के खिलाफ अप्रत्याशित रूप से 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रोनाल्डो और पुर्तगाल अपने पहले विश्व कप खिताब की कवायद में हैं लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और यह किसी बड़े उलटफेर से कम नहीं है। यह कांगो के इतिहास में विश्व कप का पहला गोल था। कांगो ने इससे पहले 1974 में विश्व कप में भाग लिया था लेकिन तब वह अपने तीनों मैच हार गया था।

कांगो 52 वर्ष में पहली बार हिस्सा ले रहा

कांगो 52 वर्ष में पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। वह अफ्रीका की दूसरी टीम है जिसने यूरोप की किसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोका। इससे पहले सोमवार को केप वर्डे ने स्पेन को गोलरहित बराबरी पर रोका था। एनआरजी स्टेडियम में 68,777 दर्शकों में पुर्तगाल के समर्थकों की संख्या काफी अधिक थी। उसकी टीम ने अच्छी शुरुआत की थी। जोआओ नेवेस ने छठे मिनट में पुर्तगाल को शुरुआती बढ़त दिलाई। पांच फुट सात इंच लंबे इस मिडफील्डर ने पेड्रो नेटो के क्रॉस पर हेडर से गोल किया लेकिन पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में आर्थर मासुअकू के क्रॉस पर योआने विस्सा ने हेडर से गोल करके कांगो को बराबरी पर ला दिया, जिससे नीली जर्सी पहने उसके मुट्ठी भर प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

चेकिया और दक्षिण अफ्रीका का मैच 1-1 से ड्रा

अटलांटा। फीफा विश्व कप 2026 में चेकिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों के बीच यह मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। चेकिया ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम चरण में दक्षिण अफ्रीका ने वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ करा लिया। मैच की शुरुआत से ही चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया। इसका फायदा उन्हें मुकाबले के छठे मिनट में मिला, जब मिडफील्डर माइकल सादिलेक ने शानदार गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दक्षिण अफ्रीका को 83वें मिनट में पेनाल्टी मिली, जिसे तेबोहो मोकोएना ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील कर दिया।

हैरी ने दागे दो गोल, इंग्लैंड ने क्रोएशिया को हराया

आर्लिंगटन। हैरी केन ने दो गोल करके विश्व कप फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे उनकी टीम ने ग्रुप एल के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 4-2 की जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उन्होंने इसके बाद 42वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। मार्टिन बटुरिना (36वें) और पीटर मूसा ने पहले हाफ में गोल करके क्रोएशिया को मुकाबले में बनाए रखा। मूसा ने अपना गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में किया।

डेब्यू मैच में डियाज़ ने ठोका गोल, कोलंबिया ने उज्बेकिस्तान को दी मात

मैक्सिको सिटी। लुई डियाज ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपने पदार्पण मैच में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे कोलंबिया ने विश्व कप के ग्रुप के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से शानदार जीत हासिल की। विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे एक अन्य खिलाड़ी डेनियल मुनोज 40वें मिनट में डियाज के पास पर कोलंबिया के लिए पहला गोल किया। डियाज ने 65वें मिनट में निर्णायक गोल दागा जब उनका करीब से लगाया गया शॉट गोता लगाकर रोकने की कोशिश कर रहे गोलकीपर उत्किर युसुपोव के हाथों को स्पर्श करके गोल लाइन के पार चला गया। उज्बेकिस्तान के लिए फैजुल्लायेव अब्बोसबेक ने 60वें मिनट में गोल किया। उज्बेकिस्तान ने एस्टाडियो एज्टेका में 80,824 दर्शकों के सामने विश्व कप में अपना पदार्पण किया।

कोलंबिया ने किया शानदार प्रदर्शन

विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज कोलंबियाई टीम को 50वें स्थान की टीम उज्बेकिस्तान पर जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। कोलंबिया ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से जैमिंटन कैम्पाज ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया। इस जीत से कोलंबिया ग्रुप के में पुर्तगाल और कांगो से आगे निकलकर शीर्ष पर पहुंच गया है।

खबर संक्षेप

इनियान पा ग्लोबल शतरंज महोत्सव में खिताब जीतने के करीब

मुंबई। ग्रैंडमास्टर इनियान पा को ग्लोबल शतरंज महोत्सव के मास्टर वर्ग में खिताब जीतने के लिए अब केवल ड्रॉ की जरूरत है। इनियान अन्य खिलाड़ियों से एक अंक आगे शीर्ष पर काबिज हैं जबकि अब केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। उन्होंने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। इनियान के अब सात अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज बोरिस सावचेंको, सुरेश, आकाश शरदचंद्र दलवी, अपूर्व कांबले और अजय संतोष परवथारेड्डी पर एक अंक की बढ़त बनाए हुए हैं। इनियान नौवें दौर में परवथारेड्डी का सामना करेंगे।

मुक्केबाजी विश्व कप : मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

गुइयांग (चीन)। भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी ने बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी विश्व कप के दूसरे चरण में महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा 48 किग्रा विश्व चैंपियन और इस वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज मीनाक्षी इस टूर्नामेंट में ओलंपिक 51 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने पोलैंड की नतालिया कुचेव्स्का के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत हासिल करके अगले दौर में जगह बनाई।चौथे दिन हुए एक और मुकाबले में अविनाश जमवाल (65 किग्रा) किर्गिस्तान के मिर्जोखिद इमामनाजारोव से 0-5 से हारकर बाहर हो गए। टूर्नामेंट में अब तक पांच भारतीय मुक्केबाज निखिल (55 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), मीनाक्षी (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा) और स्नेह (65किग्रा) क्वार्टरफाइनल में पहुच चुके हैं।

एफआईएच नेशंस कप

उरुग्वे को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री, दीपिका रहीं मैच की हीरो

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशंस कप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उरुग्वे को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारत की जीत की सबसे बड़ी हीरो दीपिका रहीं, जिन्होंने दो अहम गोल दागे। वहीं दीपिका सोरेंग ने भी एक शानदार मैदानी गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले भारतीय टीम अमेरिका और जापान को भी मात दे चुकी है।

उरुग्वे ने बनाई शुरुआती बढ़त

मैच के 13वें मिनट में उरुग्वे की चियारा एपेनिनो ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने जल्द ही वापसी करते हुए 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने पलटा मैच

तीसरे क्वार्टर के 43वें मिनट में दीपिका सोरेंग ने शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद मुकाबला रोमांचक हो गया। मैच के 55वें मिनट में उरुग्वे की कप्तान मैनुएला विलार ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। लेकिन अगले ही मिनट दीपिका ने अपना दूसरा गोल दागते हुए भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई, जो अंत तक कायम रही।

नेहा के लिए भी खास रहा मुकाबला

यह मुकाबला भारतीय खिलाड़ी नेहा के लिए भी बेहद यादगार रहा। उन्होंने इस मैच के साथ भारत के लिए अपने करियर का 200वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। अब भारतीय टीम 20 जून को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में चिली या दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी।

डायमंड लीग : नीरज का मुकाबला श्रीलंका के रुमेश पथिरागे से होगा

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा को उम्मीद होगी कि जब वह शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग में फॉर्म में चल रहे शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ वापसी करेंगे तो चोट के कारण प्रतियोगिताओं से अनुपस्थिति उनकी लय को प्रभावित नहीं करेगी।

इसमें भाग लेने वाले शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों में श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश थरंगा पथिरागे भी शामिल होंगे जिन्होंने कुछ दिन पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है। दूसरी ओर 28 वर्षीय चोपड़ा पीठ की चोट से उबर रहे हैं लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कतर स्पोर्ट्स क्लब में वह शुरुआत से ही अपनी लय हासिल कर लेंगे। दोहा उनके लिए भाग्यशाली रहा है। यहीं पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने पिछले साल मई में 90 मीटर का थ्रो किया था। वह 90.23 मीटर के थ्रो से जर्मनी के जूलियन वेबर (91.06 मीटर) के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इस सत्र में पथिरागे ने दो बार 89 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया है। वह प्रतिष्ठित गोल्डन स्पाइक मीट में 86.57 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल करने के बाद दोहा डायमंड लीग में आए हैं।

एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप

अभय-वेलावन की जोड़ी की जीत से शुरूआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने बृहस्पतिवार को मलेशिया के सारावाक में चल रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में दक्षिण कोरिया के ओ सियोजिन और मिनवू ली की जोड़ी पर सीधे सेट में मिली जीत से खिताब बचाने का अभियान शुरू किया।

गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने पूल ए में कोरियाई जोड़ी पर 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारत के राहुल बैथा और सूरज चंद ने पूल बी में सिंगापुर के सैमुअल क्यूएक वेई यि और जस्टिन याप पर 11-3 11-3 से शुरूआत की लेकिन जापान के नाओकी हयाशी और रेन माकिनो से 8-11 11-8 6-11 से हार गए।

युगल खिलाड़ियों का प्रदर्शन

मिश्रित युगल में वेलावन और जोशना चिनप्पा की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चीनी ताइपे के कोर्डिला सु और पान होंग रूई को पूल बी में 11-2 11-3 से हराया। महिला युगल में जोशना और रथिका सीलन की दूसरी वरीय जोड़ी ने छह टीम के पूल बी में अपने सभी तीनों मुकाबले जीत लिए। उन्होंने सिंगापुर की जयना लिम और जसिंथा हान को 11-5 11-5, सुगिमोटो रिसा और एरिसा सानो की जापानी जोड़ी को 11-9 11-8 और हमवतन जानेट विधि और पूजा आरथी को 11-5 11-8 से शिकस्त दी।

गर्मी को देखते हुए 10 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड देश के अधिकांश हिस्सों में मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी से बचने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अगले साल से 10 मार्च से 15 मई तक आयोजित करने पर विचार कर रहा है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी।

उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए मैचों की संख्या 74 ही रहेगी और इसे बढ़ाकर 94 नहीं किया जाएगा। आईपीएल आमतौर पर मार्च के आखिरी सप्ताह में शुरू होता है और मई के अंत तक चलता है। सैकिया ने कहा कि आईपीएल को जल्दी शुरू करने से खिलाड़ी ही नहीं दर्शकों को भी फायदा होगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट में बारिश के दखल को कम करने के लिए ये बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग

भारत ने जर्मनी को हराया मनप्रीत ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| रॉटरडम

मनप्रीत सिंह ने अपना 413वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया, जबकि भारत ने यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अपने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 3-1 से हराया।

भारत की ओर से मनदीप सिंह (सातवें), शिलानंद लाकड़ा (13वें) और नीलकांत शर्मा (35वें) ने एक-एक गोल दागा, जबकि जर्मनी की तरफ से एकमात्र गोल राफेल हार्टकॉफ (45वें) ने किया। भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

भारत ने शुरू से ही बनाए रखा दबाव

भारत ने अच्छी शुरुआत की और शुरू से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा जिसका फायदा उसे सातवें मिनट में मिला जब मनदीप ने गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। लाकड़ा ने पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले ही शानदार शॉट लगाकर जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर को हतप्रभ किया और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने भारत के हाफ में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने दमदार खेल का नजारा पेश किया। जर्मनी को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन पहला अमित रोहिदास ने बचा दिया और दूसरा गोलकीपर मोहित ने नाकाम कर दिया, जिससे भारत की बढ़त बरकरार रही।

तीसरा गोल नीलकांत ने ठोक दिया

भारत ने तब अपनी बढ़त को 3-0 तक कर दिया जब नीलकांत ने अकेले ही दौड़ते हुए जर्मन डिफेंडरों को पछाड़कर गेंद को गोल में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में महज 20 सेकंड शेष रहते हुए हार्टकोफ ने 45वें मिनट में अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा। जर्मनी की टीम ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया और चौथे क्वार्टर में लगातार हमले किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उन्हें नाकाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार पारी खेल कोहली का 'विराट' रिकॉर्ड किया ध्वस्त

श्रेयस अय्यर ने पलट दिया भारत के वनडे क्रिकेट का इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयस अय्यर ने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में 3000 रन पूरे करते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अय्यर ने यह उपलब्धि 72 पारियों में हासिल की और भारत के लिए सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

भारतीय क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 170 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में जहां कप्तान शुभमन गिल और ईशान किशन ने शतक लगाए, वहीं उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली।

गेंदों के हिसाब से भी खास उपलब्धि

अगर सबसे कम गेंदों में 3000 वनडे रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो श्रेयस अय्यर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 3049 गेंदों का सामना किया। इस सूची में शीर्ष स्थान पर पूर्व कप्तान और 1983 विश्व कप विजेता कपिल देव हैं। उन्होंने सिर्फ 2995 गेंदों में 3000 रन पूरे किए थे। खास बात यह है कि वह ऐसे इकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने 3000 रन तक पहुंचने के लिए 3000 से कम गेंदों का इस्तेमाल किया। शुभमन गिल 3016 गेंदों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी

3000 वनडे रन तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में अब श्रेयस अय्यर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी 72 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

62 पारियां – शुभमन गिल
72 पारियां – शिखर धवन
72 पारियां – श्रेयस अय्यर
75 पारियां – विराट कोहली
78 पारियां – केएल राहुल
79 पारियां – नवजोत सिंह सिद्धू

800 शब्दों की सहमति बनने में लगे 108 दिन खो दिए 122 लाख करोड़ और 10 हजार लोग

महायुद्ध का अधूरा अंत ईरान के आगे झुके ट्रंप

दुनिया को तरक्की के ऐसे पंख लगे कि देखते ही देखते धरती के किसी भी कौने से बैठकर कहीं भी तबाही मचाई जा सकती है। लेकिन शांति की चौखट पर हमारा दिमाग क्यों कुंद हो जाता है इसका जवाब किसी के पास नहीं है। अमेरिका-ईरान और इजराइल की इस जंग में इसे बखूबी देखा गया। मात्र 800 शब्दों और डेढ़ पन्ने के समझौते पर सहमति बनने में 108 दिन लग गए। जहां तक जंग में किसे क्या हासिल हुआ इसके जबवा को तलाशेंगे तो 10 हजार लोगों की मौते और 48 हजार घायल और 122 लाख करोड़ का खर्चा ही दिखाई देता है। अंततः यह महायुद्ध का अधूरा अंत हुआ और न तो ट्रंप ईरान की सत्ता बदल पाए और न ही यूरेनियम पर पूरी तरह काबू कर पाए। अंततः उन्हे ईरान के आगे सरेंडर करना पड़ा।

जंग चली 108 दिन

घायल 48 हजार

जंग का खर्चा

- अमेरिका- 9.51 लाख करोड़ रुपये
- ईरान- 22.50 लाख करोड़ रुपये
- इजराइल- 96,600 करोड़ रुपये

कुल मौतें 10 हजार

ट्रंप ने जंग के लक्ष्य तय किए, फेल

1. ईरान में इस्लामिक सत्ता उखाड़ फेंकना

अमेरिका-इजराइल ने अपने पहले ही हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मार दिया। उसी दिन ट्रंप ने कहा- ईरान के महान लोगों, आपकी आजादी का समय आ गया है... जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्जा कर लीजिए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उल्टा सुप्रीम लीडर की मौत के बाद ईरान के लोग एकजुट हो गए। खामेनेई के बेटे मुजतबा को नया सुप्रीम लीडर बना दिया। यानी ट्रंप ने पहला लक्ष्य खो दिया।

ईरान जंग से भारत पर 6 बड़े असर दिखे

1. क्रूड ऑयल महंगा होने से इम्पोर्ट बिल बढ़ा
2. विदेशी मुद्रा भंडार घटा, रुपया कमजोर
3. जीडीपी की रफ्तार पर असर
4. थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा
5. उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट
6. भारतीय मारे गए, डिप्लोमेटिक नुकसान

होर्मुज सिर्फ 60 दिन फ्री, ईरान को 28 लाख करोड़ हर्जाना मिलेगा

अमेरिका और ईरान के बीच एक अंतरिम समझौता हुआ है। इस समझौते से दोनों देशों के बीच जारी युद्ध पर फिलहाल रोक लग जाएगी। खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होगा। दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल गया है। दोनों देश ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दोबारा बातचीत शुरू करेंगे। इस डील से ईरान को तुरंत बड़ा फायदा होगा। वह दुनिया में फिर से अपना तेल बेच सकेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के वर्साय पैलेस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ डिनर के दौरान इस पर दस्तखत किए। तेहरान में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देश अब 60 दिनों तक नए सिरे से बातचीत करेंगे। वहीं, अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप साल 2015 के परमाणु समझौते से बेहतर डील करा पाएंगे? इस पुरानी डील को उन्होंने खुद रद्द कर दिया था।

ये हैं समझौते के पॉइंट, जिसके लिए 108 दिन हुई तबाही

*▶▶ **होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोला जाएगा** : ईरान ने वादा किया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोल देगा। यह व्यवस्था 60 दिनों तक लागू रहेगी। इस दौरान जहाजों से एक्स्ट्रा टैक्स नहीं लिया जाएगा। इस समझौते की सबसे अहम लाइन है- सिर्फ 60 दिनों तक बिना किसी फीस के। इसका मतलब है कि 60 दिन पूरे होने के बाद ईरान जहाजों पर शुल्क या फीस लगा सकता है। युद्ध से पहले ईरान आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय जहाजों से इस तरह का पैसा नहीं लेता था। अब टैक्स लगाने से वैश्विक समुद्री व्यापार की लागत बढ़ सकती है।*

*▶▶ **ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा** : समझौते में ईरान ने एक बार फिर भरोसा दिया है कि वह कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और न ही उन्हें हासिल करने की कोशिश करेगा।*

इस साल सितंबर में भारत में होगा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

अगले सप्ताह भारत यात्रा पर रहेंगे वांग यी ब्रिक्स की एनएसए बैठक में होंगे शामिल

2026 में भारत कर रहा है ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता, 22 से 23 जून तक नई दिल्ली में होगी बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय-वैश्विक सुरक्षा चिंताओं के मध्य चीन के विदेश मंत्री वांग यी अगले सप्ताह भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में 22 से 23 जून तक आयोजित की जाने वाली ब्रिक्स समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की 16वीं उच्च-स्तरीय बैठक में भागीदारी करना है। साथ ही वह मौजूदा साल के सितंबर महीने में भारत की मेजबानी में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से जुड़ी तैयारियों पर भी सभी भागीदार पक्षों से विचार-विमर्श करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को बीजिंग में हुई मीडिया ब्रीफिंग में वांग यी भारत यात्रा की घोषणा की है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री वांग यी को भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने आमंत्रित किया था। जिसे चीन ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, भारत से एनएसए अजीत डोभाल ही इस अहम आयोजन में शामिल होंगे। मालूम हो कि ब्रिक्स एनएसए की पिछली बैठक 2025 में ब्राजील में हुई थी।

11 ब्रिक्स देशों के एनएसए करेंगे मंथन : यह बैठक ब्रिक्स देशों के एनएसए को एक ऐसा अहम मंच प्रदान करती है। जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण-अफ्रीका सहित समूह के सभी 11 सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार प्रमुख सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श करेंगे। 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जिसकी वजह से उसके नेतृत्व में यह बैठक हो रही है।

गुरुग्राम का रहने वाला है आरोपी राधामोहन

बाबा पर महिला ने 15 साल तक दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में एक बाबा को 15 साल तक महिला के साथ रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी खुद को भगवान का अवतार बताता था। पुलिस के अनुसार आरोपी गुरुग्राम का रहने वाला राधामोहन मिश्रा है और पुणे में स्थित बंगले में आश्रम चलाता था। वह लोगों को परिवार, स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याएं दूर करने का झांसा देता था। 41 साल की पीड़ित महिला हरियाणा की रहने वाली है। महिला ने बताया कि उसे कई बार बिजली के झटके दिए गए, यूरिन पीने के लिए मजबूर किया गया और लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना सहनी पड़ी। पुलिस ने मिश्रा समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर सभी को 20 जून तक हिरासत में लिया है।

पुणे में आश्रम से कैश भी बरामद

पुलिस ने आश्रम पर छापा मारकर 12 लैपटॉप, 19 हार्ड डिस्क, एक टैबलेट, 11 मोबाइल फोन, 23 पेन ड्राइव, कई सीडी, करीब 6.5 लाख रुपए कैश और लगभग 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। कुछ दवाइयां भी मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। बाबा मिश्रा के अनुयायी महाराष्ट्र के अलावा उत्तर भारत के कई राज्यों में फैले हुए हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने एमएसपी पर दालों की बड़ी खरीद को दी मंजूरी

केंद्र का बड़ा कदमः पीएसएस के तहत चार राज्यों में दाल और तिलहन की खरीद होगी

- ▶▶ गुजरात में 18,250 मीट्रिक टन मूंग खरीदी को स्वीकृति, 160 करोड़ रु. से ज्यादा का प्रावधान
- ▶▶ हरियाणा में 2,115 मीट्रिक टन मूंग खरीदने की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चार राज्यों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों एवं तिलहन की बड़े पैमाने पर खरीद को मंजूरी दी। मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में यह खरीद की जाएगी जिससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उन्हें अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने से राहत मिलेगी। चौहान के इस फैसले के तहत उत्तर प्रदेश को सबसे बड़ा लाभ मिला है, जहां ग्रीष्म 2026 सीजन के लिए 48,298 मीट्रिक टन मूंग, 97,970 मीट्रिक टन उड़द और 41,718 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद को मंजूरी दी गई है। इन स्वीकृतियों का कुल एमएसपी मूल्य 1,490 करोड़ रुपये से अधिक है। इससे राज्य के दाल और तिलहन उत्पादक किसानों को बड़ा सहारा मिलेगा।

पेरिस में हुए वीवाटेक-2026 सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधित, बोले-तकनीक सबके लिए होनी चाहिए लाभकारी

भारत के लिए एआई के मायने 'सर्व-समावेशी', लोकतंत्रीकरण से तकनीक बनेगी प्रगति का साधन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में बनी हुई जटिल वैश्विक चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ गुरुवार को पेरिस में आयोजित किए गए 'वीवाटेक-2026' नामक अंतरराष्ट्रीय तकनीक सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने सबसे पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उल्लेख करते हुए भारत की नजर में इसका अर्थ सर्व-समावेशी यानी ऑल इंक्लूसिव बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार जितना अहम है। उतना ही महत्वपूर्ण उसकी पहुंच भी है। तकनीक तभी प्रगति का साधन बन सकती है। जब उसका लोकतंत्रीकरण हो। भारत का यह मानना है कि इस परिवर्तनकारी युग में तकनीक सबके लिए लाभकारी होनी चाहिए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री का यह बयान अमेरिका द्वारा विदेशी नागरिकों पर एआई के लेटेस्ट मॉडल एंथ्रोपिक के इस्तेमाल पर लगाई गई पाबंदियों के बीच आया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस वर्ष वीवाटेक का यह दसवां संस्करण है। जिसमें भारत का नेतृत्व पीएम मोदी ने किया है।

▶▶ भारत की तकनीकी विकास यात्रा को किया रेखांकित, भारत मंडप देखने का किया अनुरोध

एफिल टॉवर, पेरिस हवाईअड्डे पर चलेगा यूपीआई

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई की वजह से आज दुनिया के करीब आधे रियल टाइम डिजिटल लेनदेन हमारे देश में ही होते हैं। उन्होंने कहा कि अब आप एफिल टॉवर और पेरिस हवाईअड्डे पर भी यूपीआई का उपयोग कर सकते हैं। नई दिल्ली का डिजिलॉकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल दस्तावेज भंडारों में से एक है। जिसकी मदद से 70 करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता कहीं भी, कभी भी प्रमाणिक दस्तावेज हासिल कर सकते हैं। यह एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां 2 हजार से अधिक मानक दस्तावेज उपलब्ध हैं।

पीएम मोदी ने फ्रांसीसी कंपनियों को दिया भारत में निवेश का न्योता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मौजूदा विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में पेरिस में गुरुवार को फ्रांस की कई कंपनियों के अध्यक्षों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम की चर्चा में भारत और फ्रांस के बीच शिपिंग, लॉजिस्टिक्स से लेकर रेलवे, निर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28